दा SUMMER न्यूज़

# समर एक्सप्रेस

www.summerexpress.in

सूर्योदय सुबह 5:25 बजे
सूर्यास्त शाम 7:23 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-262 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • वीरवार 28 मई 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

## न्यूज़ ब्रीफ

### एअर इंडिया जल्द 800 घरेलू फ्लाइट्स घटाएगी

**नई दिल्ली**| टाटा ग्रुप की एयरलाइन एअर इंडिया हर हफ्ते करीब 800 घरेलू उड़ानों में कटौती कर रही है। यह बदलाव जून से अगस्त 2026 के बीच रहेगा। कंपनी ने यह फैसला जेट फ्यूल की बढ़ती कीमतों के कारण लिया है। बताया जा रहा है कि इंडिगो भी अपनी घरेलू उड़ानों में 5% से 7% की कटौती कर सकती है। एअर इंडिया हर हफ्ते करीब 4400 उड़ानें ऑपरेट कर रही है।

### गर्मी में बुजुर्गों, बच्चों का विशेष ध्यान रखें: पीएम

**नई दिल्ली**| देश के कई हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी और हीटवेव की स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री ने देशवासियों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस मौसम में लापरवाही स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकती है, इसलिए सभी नागरिक आवश्यक सावधानियां जरूर अपनाएं। प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों की देखभाल पर जोर दिया।

### पाकिस्तान में नौ जगहों के नाम अब नहीं बदलेंगे

**इस्लामाबाद**| पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मरियम नवाज सरकार ने लाहौर की सड़कों, चौकों और इलाकों के पुराने नाम बहाल करने का फैसला फिलहाल टाल दिया है। सरकार जिन नामों को बहाल करना चाहती थी, उनमें कई हिंदू व सिख दौर के नाम शामिल थे। सरकार ने यह कदम कट्टरपंथी समूहों और सोशल मीडिया पर बढ़ते विरोध के बाद उठाया। कुछ लोगों ने इसे हिंदू व सिख पहचान वापस लाने की कोशिश बताया था।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

**BOOK YOUR ADVERTISEMENT**

If you want to publish your advertisement on our newspaper

समर एक्सप्रेस

CONTACT:
+91 6283 860 059

# ईडी के निशाने पर गमाडा, 5 साल में हुए सभी सीएलयू की होगी जांच

## पूर्व गमाडा प्रशासकों से भी पूछताछ करेगी जांच एजेंसी, ईडी ने मांगा रिकॉर्ड

**मोनिका रावत | चंडीगढ़**
**समर न्यूज़**

मोहाली में बिल्डरों पर शिकंजा कसने के बाद ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निशाने पर आ गया है। ईडी ने गमाडा से पिछले पांच साल में हुए चेंज ऑफ लैंड यूज (सीएलयू) का रिकॉर्ड मांग लिया है। उसके साथ-साथ उन अफसरों की जानकारी भी मांगी है जिनके कार्यकाल में यह सीएलयू हुए हैं।

गमाडा के पूर्व प्रशासकों से भी ईडी पूछताछ करेगी। ईडी की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अधिकांश सीएलयू की मंजूरी के समय नियमों को दरकिनार किया गया। ईडी की इस कार्रवाई से पंजाब की आईएएस लॉबी में भी चिंता की लहर दौड़ गई है। लगभग एक दर्जन सीनियर अफसरों से ईडी पूछताछ कर सकती है। मंगलवार को ही ईडी ने रॉयल एस्टेट ग्रुप के ठिकानों पर छापे मारे थे। इस ग्रुप के एक साल के भीतर ही तीन सीएलयू हुए हैं। इसके अतिरिक्त न्यू चंडीगढ़ के सबटेक प्रोजेक्ट के मालिक को भी ईडी सीएलयू हासिल करने में की गई धोखाधड़ी को लेकर गिरफ्तार हर चुकी है।

### चल-अचल संपति की होगी जांच

*ईडी पंजाब के उन अफसरों की चल और अचल संपित्त की जांच भी कर सकती है जो सीएलयू की प्रक्रिया से जुड़े हुए थे। पिछले पांच सालों का गमाडा का रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। यह देखा जा रहा है कि बड़े बिल्डरों को सीएलयू देने में किन नियमों को दरकिनार किया गया। सरकार को कितना वित्तीय नुकसान हुआ।*



### कई मामलों में धन शोधन के एंगल की पड़ताल

ईडी ने मोहाली और आसपास के क्षेत्रों में रियल एस्टेट से जुड़े मामलों पर अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। अब तक ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (गमाडा) के तहत आने वाले कई प्रोजेक्टों से जुड़े बिल्डरों और डेवलपर्स की गतिविधियों की जांच की जा रही है, हालांकि आधिकारिक तौर पर सभी मामलों की कुल संख्या स्पष्ट नहीं की गई है। ईडी की जांच का फोकस उन प्रोजेक्टों पर है जहां निवेशकों से धन जुटाने के बाद नियमों के उल्लंघन और फंड डायवर्जन की शिकायतें सामने आई थीं। कुछ मामलों में मनी लॉन्ड्रिंग के पहलू की भी जांच चल रही है।

**▪ 50 से अधिक सीएलयू पर नजर...**

*गमाडा ने पिछले 5 साल में 50 से अधिक सीएलयू जारी किए हैं। यह सभी सीएलयू जांच के दायरे में है। ईडी इस बात की भी गंभीरता से पड़ताल कर रही है कि कितने विवादास्पद प्रोजेक्ट्स को सीएलयू प्रदान किया गया। यह भी देखा जा रहा है कि एक एक बिल्डर के तीन से चार प्रोजेक्ट्स के सीएलयू हुए वहीं कुछ बिल्डरों को सीएलयू दिए ही नहीं गए। यहां तक कि बिल्डरों के खिलाफ मिली शिकायतों को भी अफसरों ने दबा दिया।*

**▪ इनकम टैक्स और जीएसटी चोरी भी...**

*ईडी के अतिरिक्त इनकम टैक्स और जीएसटी डिपार्टमेंट ने भी अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। बिल्डरों की ओर से बड़े पैमाने पर इनकम टैक्स और जीएसटी की चोरी की जा रही थी। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट अपने स्तर पर एक दर्जन से अधिक बिल्डरों के खाते खंगाल रहा है। बिल्डरों के कमर्शियल प्रोजेक्ट्स में जीएसटी चोरी की जा रही थी।*

### निवेशकों की शिकायतों पर बढ़ी कार्रवाई

मोहाली में कई आवासीय और व्यावसायिक प्रोजेक्ट्स में देरी और पारदर्शिता की कमी को लेकर निवेशकों ने शिकायतें दर्ज कराई थीं, जिसके बाद जांच एजेंसियां सक्रिय हुईं। ईडी अधिकारियों का कहना है कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और जैसे-जैसे दस्तावेजों और वित्तीय लेनदेन की जांच आगे बढ़ेगी, और भी तथ्य सामने आ सकते हैं।

### नीट पेपर लीक: सीबीआई की कार्रवाई, पंजाब-चंडीगढ़ में भी जांच की आहट

# दो और आरोपी गिरफ्तार, एक डॉक्टर दूसरा शिक्षक; अब तक 13 लोग काबू

**एजेंसी | नई दिल्ली/चंडीगढ़**



नीट परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक डॉक्टर और दूसरा शिक्षक शामिल है। दोनों पर पेपर लीक नेटवर्क से जुड़े होने और अभ्यर्थियों तक प्रश्नपत्र/उत्तर पहुंचाने में भूमिका निभाने का आरोप है। इसके साथ ही इस पूरे मामले में अब तक गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है।

सूत्रों के अनुसार, यह नेटवर्क केवल एक राज्य तक सीमित नहीं था, बल्कि बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर तक फैला हुआ था। जांच एजेंसी का कहना है कि गिरोह संगठित तरीके से परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र हासिल कर उसे मोटी रकम लेकर कुछ उम्मीदवारों तक पहुंचाता था। हालांकि अब तक पंजाब या चंडीगढ़ में किसी गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन जांच एजेंसियां इन क्षेत्रों में भी कुछ संदिग्ध कोचिंग सेंटरों और छात्रों की गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि अगर नेटवर्क का विस्तार और सामने आता है, तो उत्तरी भारत के कई शहर इसकी जद में आ सकते हैं।

**कैसे सामने आया नया लिंक?**
सीबीआई की ताजा कार्रवाई डिजिटल और बैंकिंग ट्रांजैक्शन की जांच के आधार पर हुई है। जांच में पता चला कि गिरफ्तार डॉक्टर कथित रूप से प्रश्नपत्र सॉल्व कराने और मेडिकल कनेक्शन का फायदा उठाकर अभ्यर्थियों को मदद पहुंचाने में शामिल था।

वहीं शिक्षक पर आरोप है कि वह कोचिंग नेटवर्क के जरिए छात्रों तक पेपर से जुड़ी जानकारी पहुंचाने में भूमिका निभा रहा था। एजेंसी अब यह भी जांच कर रही है कि क्या इस नेटवर्क में कुछ कोचिंग सेंटर और परीक्षा से जुड़े अन्य तकनीकी लोग भी शामिल थे।

**▪ जांच का दायरा बढ़ा, कई राज्यों में छापेमारी...**
सीबीआई ने हाल के दिनों में कई राज्यों में छापेमारी की है। मोबाइल डेटा, व्हाट्सएप चैट, बैंक लेनदेन और कॉल रिकॉर्ड की जांच से पूरे रैकेट की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह मामला संगठित शैक्षणिक अपराध नेटवर्क की ओर इशारा करता है।

**▪ 3 मई को हुई परीक्षा, 12 मई को रद्द...**
नीट-यूजजी परीक्षा 3 मई को देश के 551 शहरों और विदेश के 14 केंद्रों पर आयोजित हुई थी। इसमें करीब 23 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। एनटीए के अनुसार 7 मई की शाम परीक्षा में गड़बड़ी की सूचना मिली थी। इसके बाद मामला केंद्रीय एजेंसियों को सौंपा गया। 12 मई को परीक्षा रद्द की गई और री-एग्जाम का फैसला लिया गया।

**▪ आगे क्या?**
सीबीआई अधिकारियों के अनुसार आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। एजेंसी यह भी पता लगाने में जुटी है कि क्या पेपर लीक में कोई संगठित मास्टरमाइंड है, जो पूरे नेटवर्क को नियंत्रित कर रहा था। इस मामले ने एक बार फिर देश की बड़ी परीक्षाओं की सुरक्षा व्यवस्था और परीक्षा प्रणाली की निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### हाईकोर्ट का बड़ा फैसला: नाबालिग से यौन उत्पीड़न मामला

# आसाराम को करना होगा सरेंडर, सजा रहेगी बरकरार

## दो सह-आरोपी बरी; करीब एक महीने बाद आया निर्णय

**एजेंसी | नई दिल्ली/जोधपुर**



नाबालिग से यौन उत्पीड़न के एक चर्चित मामले में हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए स्वयंभू संत आसाराम की सजा को बरकरार रखा है और उन्हें सरेंडर करने का निर्देश दिया है। अदालत ने अपने विस्तृत निर्णय में कहा कि निचली अदालत की ओर से सुनाई गई सजा में हस्तक्षेप का कोई पर्याप्त आधार नहीं है।

हालांकि इसी मामले से जुड़े दो अन्य आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को संदेह से परे साबित नहीं किया जा सका।

यह फैसला करीब एक महीने की सुनवाई और निर्णय सुरक्षित रखने के बाद सुनाया गया। अदालत ने अपने आदेश में पीड़िता की गवाही को विश्वसनीय मानते हुए कहा कि ऐसे मामलों में संवेदनशीलता के साथ कानूनी सख्ती जरूरी है।

**कानूनी प्रक्रिया में अहम मोड़...**
*हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद आसाराम को अब निर्धारित समय सीमा के भीतर आत्मसमर्पण करना होगा। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो कानूनी कार्रवाई और सख्त हो सकती है। फैसले के बाद सुरक्षा और कानूनी एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। वहीं इस केस पर देशभर में एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है, क्योंकि यह मामला लंबे समय से न्यायिक प्रक्रिया में चल रहा था।*

# विजयन व करीबियों के 12 ठिकानों पर छापे

**एजेंसी | तिरुवनंतपुरम/कन्नूर**



केरल की सत्ता से वाम मोर्चे की विदाई के तुरंत बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और उनके परिवार से जुड़े परिसरों पर बड़ी कार्रवाई की है।

बुधवार सुबह ईडी की टीमें कन्नूर से लेकर तिरुवनंतपुरम और कोझिकोड तक करीब 12 ठिकानों पर पहुंचीं। छापेमारी का केंद्र विजयन की बेटी टी. वीणा की आईटी कंपनी एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस और कथित वित्तीय लेनदेन रहे। ईडी की जांच कथित तौर पर कोचिन मिनरल्स एंड रुटाइल लिमिटेड की ओर से एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस को 2018-19 के दौरान किए गए लगभग 1.72 करोड़ रुपये के भुगतान से जुड़ी है। एजेंसी का दावा है कि भुगतान के बदले कोई वास्तविक सेवा नहीं दी गई। इसी आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया गया था। हाल ही में केरल हाईकोर्ट ने ईडी की जांच पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी।

# बायजूस फाउंडर को 6 महीने की सजा

**एजेंसी | नई दिल्ली**



एडटेक कंपनी बायजू रवींद्रन के संस्थापक रविंद्रन को सिंगापुर की एक अदालत ने 6 महीने की जेल की सजा सुनाई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, उन पर प्रॉपर्टी और वित्तीय दस्तावेज छिपाने का आरोप साबित हुआ है और कोर्ट ने लगभग 67 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। हालांकि, अब तक इस मामले में न तो सिंगापुर न्यायालय की ओर से विस्तृत आधिकारिक आदेश सार्वजनिक हुआ है और न ही कंपनी या रविंद्रन की ओर से कोई औपचारिक पुष्टि की गई है।

# सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला: एसआईआर प्रक्रिया अवैध नहीं

## कहा- मतदाता सूची संशोधन चुनाव आयोग का वैधानिक अधिकार; प्रक्रिया पर उठे सवालों को मिली आंशिक स्पष्टता

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए स्पष्ट किया है कि यह अवैध नहीं है और चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आती है। कोर्ट ने कहा कि मतदाता सूची का सत्यापन लोकतांत्रिक प्रक्रिया का जरूरी हिस्सा है, जिसे चुनाव आयोग अपने संवैधानिक दायित्वों के तहत कर सकता है।

हालांकि अदालत ने यह भी संकेत दिया कि इस प्रक्रिया को लागू करते समय पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि किसी भी वर्ग के मतदाताओं के अधिकार प्रभावित न हों। एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत चुनाव आयोग मतदाता सूची की गहन जांच करता है। इसमें नए वोटरों का पंजीकरण, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाना और गलत प्रविष्टियों को सुधारना शामिल होता है। यह प्रक्रिया समय-समय पर चुनाव से पहले या बड़े प्रशासनिक पुनरीक्षण के रूप में की जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने अवलोकन में कहा कि चुनाव आयोग को संविधान के तहत स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का दायित्व प्राप्त है, और इसके लिए मतदाता सूची का संशोधन उसका मूल अधिकार है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इस तरह की प्रशासनिक प्रक्रिया को केवल इस आधार पर अवैध नहीं ठहराया जा सकता कि इससे असुविधा हो सकती है।

**▪ पंजाब और चंडीगढ़ में प्रभाव...**
पंजाब और चंडीगढ़ में चुनावी तैयारियों के संदर्भ में इस निर्णय को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों क्षेत्रों में हाल के वर्षों में मतदाता सूची में सुधार और डुप्लीकेट एंट्री हटाने की प्रक्रिया लगातार चल रही है। चुनाव अधिकारियों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से इस कार्य को और मजबूती मिलेगी।

### पेज 1 एंकर स्टोरी — देश के 90% हिस्से में बारिश की संभावना, केरल में कमजोर नमी से मानसून की रफ्तार अटकी

# पंजाब समेत कई राज्यों में कल से 5 तक प्री-मानसून बारिश संभव



**समर न्यूज़ | नई दिल्ली/चंडीगढ़**

देश में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदलने वाला है। मौसम विज्ञान से जुड़ी विभिन्न रिपोर्ट्स के अनुसार 29 मई से 5 जून के बीच प्री-मानसून बारिश का एक मजबूत दौर सक्रिय हो सकता है, जो देश के लगभग 90 प्रतिशत हिस्से को कवर करेगा। हालांकि इस बीच दक्षिण-पश्चिम मानसून की गति केरल तट पर धीमी बनी हुई है, जिसकी मुख्य वजह अरब सागर और हिंद महासागर क्षेत्र में नमी की अस्थिरता बताई जा रही है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान में मानसून की उत्तरी सीमा केरल तक पूरी मजबूती से नहीं पहुंच पाई है, जिससे इसकी औपचारिक प्रगति कुछ दिनों के लिए अटकी हुई है। इसके बावजूद बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में बन रहे नमी युक्त सिस्टम के कारण देश के कई हिस्सों में प्री-मानसून गतिविधियां तेज होंगी।

### क्या कहता है मौसमीय पैटर्न

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस दौरान उत्तर भारत, मध्य भारत और पूर्वी राज्यों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना रहेगी। वहीं दक्षिण भारत के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की जा सकती है। इन सिस्टमों का असर हिमालयी राज्यों तक भी पहुंच सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह बारिश ही आगामी मानसून की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### पंजाब और चंडीगढ़ में कैसा रहेगा मौसम?

पंजाब और चंडीगढ़ में इस अवधि के दौरान तापमान में गिरावट आने की संभावना है। पिछले कुछ दिनों से जारी तेज गर्मी और लू जैसी स्थिति में राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार, 30 मई के बाद शाम के समय गरज-चमक के साथ बारिश की गतिविधियां बढ़ सकती हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, यह बारिश धान की बुआई की तैयारी करने वाले किसानों के लिए भी अहम साबित हो सकती है, हालांकि खेतों में जलभराव की स्थिति से सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

### केरल में मानसून की रफ्तार क्यों धीमी?

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि केरल तट पर मानसून के आगे बढ़ने के लिए जरूरी नमी और हवाओं की स्थिरता अभी पूरी तरह विकसित नहीं हुई है। अरब सागर में चक्रवाती परिस्थितियों की कमी और स्थानीय हवाओं में बदलाव को इसकी मुख्य वजह माना जा रहा है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह दौर आगामी मानसून सीजन के लिए ट्रिगर फेज की तरह काम करेगा। यदि यह सिस्टम मजबूत रहता है तो जून के दूसरे सप्ताह तक मानसून के देश के बड़े हिस्से में पहुंचने की संभावना बढ़ जाएगी। फिलहाल लोगों को मौसम में तेजी से बदलाव और अचानक बारिश के लिए सतर्क रहने की सलाह दी गई है।



# ड्रम में मिली अज्ञात युवती की लाश से फैली सनसनी

## 15 से 20 वर्ष की युवती का शव नीले ड्रम से बरामद, हाथ पर नेहा नाम का टैटू मिला, जांच में जुटी पुलिस

समर न्यूज | पटियाला



शहर के अर्बन स्टेट थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब डीसीडब्ल्यू पोल के नजदीक एक नीले रंग के ड्रम में अज्ञात युवती की लाश मिलने की सूचना सामने आई।

सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी संख्या में लोग एकत्र हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल शव को सरकारी राजिंदरा अस्पताल की मोर्चरी में पहचान के लिए रखा गया है।

मामले संबंधी जानकारी देते हुए अर्बन स्टेट थाना पुलिस अधिकारी गुरविंदर सिंह ने बताया कि बुधवार तड़के पुलिस को फोन पर सूचना मिली थी कि डीसीडब्ल्यू पोल के पास एक ड्रम में किसी इंसान की लाश पड़ी हुई है। सूचना मिलते ही थाना अर्बन स्टेट की पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई।

पुलिस ने जब मौके पर पड़े नीले रंग के ड्रम की जांच की तो उसके अंदर करीब 15 से 20 वर्ष की आयु की एक युवती का शव बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना के बाद फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल से अहम सबूत जुटाए और आसपास के क्षेत्र की बारीकी से जांच की।

पुलिस अधिकारी गुरविंदर सिंह ने बताया कि फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। हालांकि शव की पहचान के लिए कुछ महत्वपूर्ण निशान सामने आए हैं। युवती के एक हाथ पर "नेहा" नाम का टैटू बना हुआ है, जबकि दूसरी बांह पर दिल के आकार का टैटू मिला है। पुलिस का मानना है कि इन निशानों के आधार पर युवती की पहचान में मदद मिल सकती है।

उन्होंने बताया कि युवती की मौत किन परिस्थितियों में हुई और इसके पीछे क्या कारण रहे, यह अभी जांच का विषय है।

पुलिस हत्या, दुर्घटना और अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि ड्रम वहां कब और किसके द्वारा फेंका गया।

इस घटना के बाद इलाके में दहशत और चर्चा का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोग भी इस वारदात को लेकर हैरानी जता रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को युवती के बारे में कोई जानकारी हो तो तुरंत पुलिस से संपर्क करें, ताकि मामले की सच्चाई जल्द सामने लाई जा सके।

# जालंधर में ऑनलाइन संपर्क से जुड़ा विवाद

समर न्यूज | जालंधर

पंजाब के जालंधर में ऑनलाइन माध्यम से बने कथित संपर्क के बाद एक विवाद खड़ा हो गया, जिसमें हंगामे की स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार एक लड़की के युवक के घर पहुंचने पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और मामला तनावपूर्ण हो गया। युवक पक्ष का आरोप है कि ऑनलाइन बातचीत के बाद उनसे पहले करीब 15,000 रुपये लिए गए और बाद में ब्लैकमेल करने की कोशिश की गई।

वहीं दूसरी ओर, दूसरे पक्ष की भूमिका को लेकर भी अलग-अलग दावे सामने आ रहे हैं, जिनकी पुलिस जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों को पूछताछ के लिए थाने बुलाया है और डिजिटल चैट व लेनदेन की जांच शुरू कर दी है। मामला साइबर से जुड़ा हो सकता है।

# कॉन्ट्रैक्ट शिक्षकों के शोषण पर हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

समर न्यूज | चंडीगढ़

कॉन्ट्रैक्ट पर कार्यरत शिक्षकों के रोजगार अधिकारों को लेकर हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए स्पष्ट किया है कि सरकारी संस्थानों में यूज एंड थ्रो की नीति स्वीकार्य नहीं है। अदालत ने कहा कि यदि किसी पद की वास्तविक आवश्यकता बनी रहती है, तो कर्मचारियों की नियुक्ति के बाद उन्हें बिना उचित प्रक्रिया के हटाया नहीं जा सकता।

अदालत ने यह टिप्पणी उन याचिकाओं की सुनवाई के दौरान की, जिनमें कॉन्ट्रैक्ट शिक्षकों ने सेवा समाप्ति को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि वर्षों तक सेवाएं देने के बावजूद उन्हें अचानक बिना कारण बताए हटा दिया गया, जबकि पदों पर काम की आवश्यकता बनी हुई थी। हाईकोर्ट ने अपने अवलोकन में कहा कि अस्थायी या कॉन्ट्रैक्ट व्यवस्था का मतलब यह नहीं है कि कर्मचारियों के साथ अस्थिर और असमान व्यवहार किया जाए। यदि काम लगातार उपलब्ध है, तो नियुक्ति को केवल अस्थायी बताकर समाप्त करना न्यायसंगत नहीं माना जा सकता।

▪ **असर और संकेत** – इस फैसले को कॉन्ट्रैक्ट शिक्षकों के लिए राहत भरा माना जा रहा है। पंजाब और चंडीगढ़ सहित कई राज्यों में हजारों शिक्षक लंबे समय से अस्थायी आधार पर कार्यरत हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस टिप्पणी के बाद शिक्षा विभागों को भर्ती और सेवा समाप्ति की नीतियों की समीक्षा करनी पड़ सकती है। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि सार्वजनिक रोजगार में पारदर्शिता और स्थिरता दोनों जरूरी हैं, ताकि योग्य कर्मचारियों का मनोबल प्रभावित न हो और शिक्षा व्यवस्था पर नकारात्मक असर न पड़े।

# कोर्ट की सख्त टिप्पणी- महिलाओं का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकते

एजेंसी | चंडीगढ़



एक मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि महिलाओं का अपमान किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पूरे घटनाक्रम की साजिश और उसके पीछे के सभी पहलुओं का पूरी तरह खुलासा होना जरूरी है, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में केवल सतही जांच पर्याप्त नहीं होती, बल्कि गहराई से जांच कर यह पता लगाया जाना चाहिए कि घटना के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं और इसका उद्देश्य क्या था। इस मामले में पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह का बयान भी सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा कि उन्होंने स्क्रिप्ट के मुताबिक अपना रोल निभाया। उनके इस बयान के बाद मामला और अधिक चर्चा में आ गया है और सोशल मीडिया पर भी इसे लेकर बहस तेज हो गई है।

फिलहाल मामले की जांच जारी है और संबंधित एजेंसियां सभी पहलुओं को खंगाल रही हैं। अदालत ने संकेत दिया है कि यदि जांच में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह मामला न केवल कानूनी दृष्टि से, बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें महिला सम्मान और सार्वजनिक जिम्मेदारी जैसे मुद्दे जुड़े हुए हैं।

# अमृतसर में हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, पांच आरोपी गिरफ्तार

समर न्यूज | अमृतसर




पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने एक बड़े हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मौके से 8 पिस्तौल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए हैं।

पुलिस के अनुसार यह नेटवर्क विदेशी तस्कर के संपर्क में था और अवैध हथियारों की सप्लाई के लिए वर्चुअल नंबरों का इस्तेमाल किया जा रहा था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह गिरोह सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय था और हथियारों की खेप को छोटे-छोटे हिस्सों में अलग-अलग जगहों पर सप्लाई करता था, ताकि सुरक्षा एजेंसियों की नजर से बचा जा सके। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी वर्चुअल नंबर और एन्क्रिप्टेड चैट ऐप्स के जरिए विदेशी हैंडलर्स से संपर्क में रहते थे। इसी नेटवर्क के जरिए हथियारों की डिलीवरी और पेमेंट की पूरी व्यवस्था की जाती थी। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। अधिकारियों को उम्मीद है कि जल्द ही इस अंतरराष्ट्रीय तस्करी रैकेट की पूरी कड़ी सामने आ सकती है। फिलहाल इलाके में सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया है और सीमा पार गतिविधियों पर निगरानी बढ़ा दी गई है।

# तरनतारन में दिनदहाड़े पेट्रोल पंप पर लूट, कर्मी को गोली मारी

समर न्यूज | तरनतारन



पंजाब के तरनतारन जिले में दिनदहाड़े एक पेट्रोल पंप पर लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। बाइक पर आए नकाबपोश बदमाशों ने पहले पेट्रोल पंप कर्मचारी से पैसे लूटे और विरोध करने पर उसे गोली मार दी।

घटना के बाद आरोपी मौके से करीब 10 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। सूत्रों के अनुसार, यह वारदात व्यस्त समय में हुई, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। घायल कर्मचारी को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हमलावर बाइक पर आए थे और पूरी योजना के साथ वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार करने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। इस घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। स्थानीय लोगों ने इस तरह की वारदातों पर चिंता जताई है और पेट्रोल पंप व अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

# शादी समारोह में खाना खाने से 250 लोग बीमार

समर न्यूज | संगरूर

संगरूर में शादी समारोह में खाना खाने से 250 लोग बीमार हो गए। समारोह में जिसने भी खाना खाया अचानक उसे उल्टी दस्त होने लग गए। इसके बाद 81 लोगों को संगरूर के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया। वहीं कुछ निजी अस्पतालों में भर्ती में हुए। इसके साथ कुछ लोग हरियाणा में फतेहाबाद के टोहाना में भी भर्ती हुए।

सेहत विभाग ने शादी समारोह में परोसे गए खाने के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए। मामला तब सामने आया जब सरकारी अस्पताल में 81 लोग इलाज के लिए पहुंच गए। बीमार लोगों का कहना है कि कई लोग हरियाणा के प्राइवेट अस्पतालों में भी दाखिल हुए हैं। पूर्व मंत्री परमिंदर सिंह ढींढसा और पंजाब सरकार के मंत्री बरिंदर गोयल भी मौके पर पहुंचे।

समर एक्सप्रेस समर एक्सप्रेस समर एक्सप्रेस समर एक्सप्रेस समर एक्सप्रेस समर एक्सप्रेस समर एक्सप्रेस

# कर्नाटक की सियासत में बड़ा मोड़, सीएम सिद्धारमैया के इस्तीफे की अटकलें तेज

## मंत्रियों को ब्रेकफास्ट मीटिंग पर बुलाया; डीके शिवकुमार को कमान मिलने की चर्चा

एजेंसी | बेंगलुरु



कर्नाटक की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के संभावित इस्तीफे की अटकलों ने राज्य की कांग्रेस सरकार में सियासी तापमान बढ़ा दिया है। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रियों को एक अनौपचारिक ब्रेकफास्ट बैठक के लिए बुलाया है, जिसे सत्ता परिवर्तन से जुड़ी चर्चाओं के बीच बेहद अहम माना जा रहा है। हालांकि आधिकारिक तौर पर सरकार ने किसी भी इस्तीफे की पुष्टि नहीं की है।

पार्टी के भीतर लंबे समय से नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चर्चा चल रही है, और अब ताजा घटनाक्रम ने इन अटकलों को और हवा दे दी है कि कांग्रेस आलाकमान राज्य में नेतृत्व बदलाव पर विचार कर सकता है। राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि यदि बदलाव होता है तो उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी दी जा सकती है।

▪ **ब्रेकफास्ट मीटिंग बनी सियासी चर्चा का केंद्र** – सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री आवास पर बुलाई गई इस बैठक में वरिष्ठ मंत्रियों और कुछ प्रमुख विधायकों को आमंत्रित किया गया है। बैठक को औपचारिक एजेंडे से अधिक सियासी संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस मुलाकात में सरकार की स्थिरता, आगामी रणनीति और संगठनात्मक संतुलन पर चर्चा हो सकती है। कांग्रेस के भीतर सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच नेतृत्व संतुलन को लेकर पहले भी समय-समय पर मतभेद की खबरें सामने आती रही हैं।

• **नेतृत्व परिवर्तन या सिर्फ अफवाह?** कांग्रेस के कुछ नेताओं ने इन खबरों को अटकलें बताते हुए कहा है कि सरकार पूरी तरह स्थिर है और मुख्यमंत्री के इस्तीफे का कोई सवाल नहीं उठता। वहीं विपक्षी दलों ने इसे कांग्रेस के भीतर शक्ति संघर्ष करार दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि कोई बदलाव होता है तो इसका असर न केवल कर्नाटक की सरकार पर बल्कि कांग्रेस की राष्ट्रीय रणनीति पर भी पड़ सकता है। फिलहाल सभी की नजरें ब्रेकफास्ट मीटिंग और उसके बाद आने वाले आधिकारिक बयान पर टिकी हैं।

# कपूरथला में मजदूर की मौत पर बवाल



समर न्यूज | कपूरथला

पंजाब के कपूरथला में एक फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर की मौत के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना के बाद गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने फैक्ट्री के मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। परिजनों का आरोप है कि मजदूर की मौत काम के दौरान लापरवाही और सुरक्षा व्यवस्था की कमी के कारण हुई, जबकि फैक्ट्री प्रबंधन का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। स्थिति उस समय शांत हुई जब फैक्ट्री प्रबंधन और प्रशासन के बीच बातचीत हुई। बातचीत के बाद परिजनों को मुआवजा देने और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया। स्थानीय प्रशासन ने कहा है कि मामले की जांच की जा रही है और यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं, इलाके में फिलहाल स्थिति सामान्य है, लेकिन मजदूर संगठनों ने भविष्य में सुरक्षा मानकों को लेकर सख्ती की मांग उठाई है।

# गुजरात: 1180 करोड़ की कोकीन जब्त

## ब्राजील से आई खेप दिल्ली भेजने की तैयारी थी; तीन विदेशी गिरफ्तार, एक फरार

एजेंसी | गुजरात

गुजरात में कच्छ से करीब 1180 करोड़ रुपए कीमत की 118 किलो कोकीन जब्त की गई है। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को अरेस्ट किया गया है। अरेस्ट किए गए तीनों ही आरोपी विदेशी हैं।

गुजरात के डीजीपी डॉ. केएलएन राव ने बताया कि सूचना मिलने के बाद इंडियन कोस्ट गार्ड और गुजरात एटीएस मुंद्रा पोर्ट पर एक संयुक्त ऑपरेशन चला रही थीं। इसी के तहत मंगलवार की सुबह भारतीय समुद्री सीमा से एक कंटेनर जहाज पकड़ा गया। जहाज ब्राजील, कई लैटिन अमेरिकी देशों, मेक्सिको, अमेरिका और कराची होते हुए गुजरात के तट तक पहुंचा था। जहाज में नाइजीरिया की नागरिकता वाले दो आरोपी सवार थे, जिनमें से एक समुद्र में कूदकर फरार हो गया। पकड़े गए एक आरोपी ने बताया कि खेप दिल्ली के द्वारका में रहने वाले दो लोगों तक पहुंचाई जाने वाली थी। इनकी पहचान क्लैविन चुकवुमा (तंजानिया का नागरिक) और ब्यारुहांगा जेम्स (युगांडा का नागरिक) के रूप में हुई है। दोनों को अरेस्ट कर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है कि कोकीन की डिलीवरी देश में किसे और कहां होने वाली थी।

**जहाज से समुद्र में फेंके जा रहे थे पैकेट**

गुजरात एटीएस से मिली जानकारी के मुताबिक यह जहाज मुंद्रा तट से करीब 5 नॉटिकल मील (करीब साढ़े 9 किमी) दूर लंगर डाले खड़ा था। कोस्टगार्ड ने की घंटों तक इस पर नजर रखी। इसी दौरान अधिकारियों ने देखा कि जहाज से कुछ संदिग्ध बैग समुद्र में फेंके जा रहे हैं। इसके बाद कोस्टगार्ड और एटीएस की संयुक्त टीम हरकत में आई और रात में ही जहाज को घेरकर अपने कब्जे में ले लिया। जो आरोपी पकड़ाया, वो नाइजीरिया का रहने वाला एटीएस की छापेमारी में जहाज पर दो लोग मिले थे। इनमें से जुम्मा नासिर उमर नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। यह मूल रूप से नाइजीरिया का रहने वाला है। वहीं, एक अन्य आरोपी ने समुद्र में छलांग लगा ली थी, जिसकी तलाश की जा रही है। जहाज को कच्छ पोर्ट पर लाया गया है।

पिछले साल पोरबंदर से पकड़ी गई थी 300 किलो ड्रग्स इससे पहले 13 अप्रैल 2025 में पोरबंदर से 1800 करोड़ रुपए कीमत की 300 किलो ड्रग्स जब्त की गई थी। गुजरात एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) और कोस्टगार्ड ने 12 अप्रैल की रात जॉइंट ऑपरेशन में पोरबंदर से 190 किमी दूर समुद्र से ड्रग्स की खेप पकड़ी थी। गुजरातएटीएस से मिली जानकारी के बाद कोस्टगार्ड ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा की ओर सर्चिंग के लिए जहाज भेजा था।

# ममता को झटका, सांसद काकोली का टीएमसी में सभी पदों से इस्तीफा

एजेंसी | कोलकाता



ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। पार्टी की वरिष्ठ सांसद काकोली घोष ने टीएमसी में अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस फैसले से राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार, काकोली घोष लंबे समय से पार्टी के अंदर चल रही कार्यप्रणाली और कुछ अहम निर्णयों से नाराज थीं।

उन्होंने अपना इस्तीफा पार्टी नेतृत्व को सौंपते हुए कहा कि वह व्यक्तिगत कारणों और राजनीतिक मतभेदों के चलते संगठनात्मक जिम्मेदारियों से अलग हो रही हैं। हालांकि, उन्होंने अभी सांसद पद छोड़ने को लेकर कोई घोषणा नहीं की है। टीएमसी के भीतर इस इस्तीफे को लेकर कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। विपक्षी दलों ने इसे ममता बनर्जी के नेतृत्व पर सवाल बताते हुए पार्टी में बढ़ती असंतोष की निशानी कहा है। वहीं, टीएमसी नेताओं का कहना है कि पार्टी मजबूत है और इस इस्तीफे से संगठन पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ेगा। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि लोकसभा चुनावों के बाद टीएमसी में अंदरूनी खींचतान बढ़ी है और काकोली घोष का इस्तीफा उसी का परिणाम माना जा रहा है।

**दुखद** | एशियाई ओलंपिक परिषद के पहले भारतीय अध्यक्ष थे

# पूर्व ओलंपियन रणधीर सिंह का निधन

एजेंसी | नई दिल्ली



पूर्व भारतीय निशानेबाज और ओलंपियन रणधीर सिंह का बुधवार सुबह नई दिल्ली में 79 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से भारतीय खेल जगत, विशेषकर निशानेबाजी समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है।

अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित रणधीर सिंह भारतीय और एशियाई खेल प्रशासन में लंबे समय तक अहम भूमिका निभाते रहे। वह 1987 से 2012 तक भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के महासचिव रहे। इसके अलावा 2001 से 2014 तक अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के सदस्य भी रहे और बाद में उन्हें मानद सदस्य बनाया गया। सितंबर 2024 में रणधीर सिंह ने इतिहास रचते हुए एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के पहले भारतीय अध्यक्ष बनने का गौरव हासिल किया था। नई दिल्ली में आयोजित 44वीं महासभा में उन्हें 2028 तक चार वर्ष के कार्यकाल के लिए अध्यक्ष चुना गया था। हालांकि खराब स्वास्थ्य के कारण उनका कार्यकाल इस वर्ष समय से पहले समाप्त हो गया।

**पांच बार ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व**

पंजाब के पटियाला से ताल्लुक रखने वाले रणधीर सिंह खेल परिवार से आते थे। वह पांच बार ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले निशानेबाज रहे। उन्होंने 1978 बैंकॉक एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को निशानेबाजी में पहला एशियाई खेल स्वर्ण दिलाया था।

**एनआरएआई ने जताया गहरा शोक**

नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) के सचिव राजीव भाटिया ने बयान जारी कर कहा, "गहरे दुख के साथ हम यह सूचना साझा कर रहे हैं कि राजा रणधीर सिंह का 27 मई 2026 को निधन हो गया। वह महान ओलंपियन, अर्जुन पुरस्कार विजेता और भारत, एशिया तथा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक आंदोलन के सबसे सम्मानित खेल प्रशासकों में से एक थे। उन्होंने आगे कहा, "निशानेबाजी खेल और ओलंपिक आंदोलन के विकास में उनका योगदान अमूल्य रहा है।

# सिलीगुड़ी में ममता के खिलाफ एफआईआर

एजेंसी | कोलकाता/सिलीगुड़ी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ सिलीगुड़ी में एक एफ आई आर दर्ज की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 2025 में कोलकाता में आयोजित ईद कार्यक्रम के दौरान दिए गए भाषण में उन्होंने 'सनातन धर्म' को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। शिकायतकर्ता ने इसे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बयान बताया है। पुलिस ने मामले की प्राथमिक जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, शिकायत में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की मांग की गई है। हालांकि अब तक इस मामले में किसी तरह की गिरफ्तारी या आधिकारिक पूछताछ की पुष्टि नहीं हुई है।

# ट्विशा केस: सीबीआई ने पति के साथ क्राइम सीन रिक्रिएट किया

एजेंसी | जबलपुर

एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में एसआईटी ने आरोपी पति समर्थ सिंह को बुधवार को भोपाल कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे 29 मई तक सीबीआई रिमांड पर भेज दिया। सीबीआई की टीम समर्थ को लेकर उसके घर पहुंची। यहां सीन रिक्रिएशन किया गया।

एमपी हाईकोर्ट में रिटायर्ड जज और सास गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला रिजर्व रख लिया है। साथ ही सीबीआई को भी मामले में पक्षकार बनाया है। 12 मई की रात भोपाल के कटारा हिल्स में ट्विशा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है, जबकि मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। एजी बोले- जमानत की शर्तों का बर्बरता से उल्लंघन किया सरकार की ओर से महाधिवक्ता (एजी) प्रशांत सिंह ने कोर्ट से कहा- अदालत देख सकती है कि जमानत की शर्तों का कितनी बर्बरता से उल्लंघन किया गया। नोटिस जारी होने की तारीखें रिकॉर्ड में हैं।

अदालत स्वयं उन्हें देख सकती है। तारीखों की सूची का हवाला दे रहा हूं। हम आरोपियों की तरह ट्रायल कोर्ट में अजीब सामग्री पेश नहीं कर रहे हैं। एजी ने यह भी कहा कि मैं केवल केस डायरी में मौजूद दस्तावेज को ही पढ़ रहा हूं। इस पर आरोपी पक्ष के वकील ने आपत्ति जताते हुए कहा- हमने यह सामग्री नहीं देखी है।

### शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता महेशइंदर ग्रेवाल का खुलासा

# ज्ञानी हरप्रीत ने कहा था- आरएसएस के खिलाफ मत बोलो, कांग्रेस के साथ समझौता करवा दूंगा

**स्पेशल स्टोरी**

तपिन मल्होत्रा | चंडीगढ़
समर न्यूज़



अकाली नेता का दावा, बोले- गलतियों की माफी के लिए खुद गए थे श्री अकाल तख्त साहिब

शिरोमणि अकाली दल के सीनियर नेता महेशइंदर सिंह ग्रेवाल ने श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह के बारे में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। द समर न्यूज से विशेष बातचीत में ग्रेवाल ने कहा कि शिरोमणि अकाली दल तोड़ने के लिए ज्ञानी हरप्रीत सिंह ही जिम्मेदार हैं।

ग्रेवाल ने बताया कि शिरोमणि अकाली दल से हुई गलतियों की सजा भुगतने के लिए उन्होंने तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह से निवेदन किया था। मैंने कहा कि हमें श्री अकाल तख्त साहिब पर बुलाकर गलतियों की माफी की सजा दी जाए। जो भी सजा होगी, हमें मंजूर होगी, लेकिन ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा, "आपकी कोई गलती नहीं है, सारी कोर कमेटी आ जाइए। 1100 रुपये की देग करवाइए और आपकी गलतियों की माफी है।" ग्रेवाल ने कहा कि अकाल तख्त की मर्यादा है कि वहां जवाब सिर्फ हां या ना में दिया जाता है। सुखबीर बादल ने भी वैसा ही किया।

ग्रेवाल ने नाराजगी जताई कि ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने वहां पहली पर्ची पुनर सुरजीत पार्टी के नाम से कटवाई, जो गलत है। गौरतलब है कि अकाली दल छोड़कर कुछ सीनियर नेताओं ने पुनर सुरजीत पार्टी बनाई थी, लेकिन बाद में कई नेता उसे छोड़ गए। 9 नवंबर, 2021 का जिक्र करते हुए ग्रेवाल ने दावा किया कि जब धामी को प्रधान नियुक्त किया गया, तब ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने उन्हें फोन कर वापस बुलाया। वहां ज्ञानी हरप्रीत सिंह, श्री अकाल तख्त साहिब के हेड ग्रंथी ज्ञानी मलकीत सिंह और कुछ विदेशी लोग मौजूद थे। ग्रेवाल ने आरोप लगाया कि ज्ञानी हरप्रीत ने कहा- "ग्रेवाल साहब, आप आरएसएस के खिलाफ न बोला कीजिए। ऑपरेशन ब्लू स्टार में जो भी लोग थे, वह सब मारे जा चुके हैं।" ग्रेवाल ने कहा कि 2004 का अकाल तख्त का हुक्मनामा आरएसएस को सिख विरोधी मानता है, लेकिन जत्थेदार नजदीकी बता रहे थे। मैं शांत हो गया, कोई जवाब नहीं दिया।

ग्रेवाल ने एक और बड़ा दावा किया। ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा कि आप अकाली दल की पहली कतार के नेता हैं। दूसरी कतार से हमें बयान दिलवा दीजिए कि हमारा कांग्रेस के साथ भी समझौता हो सकता है। बीजेपी मेरे पास आएगी और मैं आपका बड़े सम्मान के साथ समझौता करवा दूंगा।

**अमृतपाल के खिलाफ भी नहीं बोलने को कहा**

ग्रेवाल ने आगे कहा कि ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने अमृतपाल सिंह के खिलाफ भी कुछ न बोलने को कहा। ग्रेवाल ने चुनौती दी कि इस बयान में यदि कुछ प्रतिशत भी सच्चाई न हुई तो जहां कहोगे, 100 बार नाक रगड़कर माफी मांगूंगा। ज्ञानी हरप्रीत सिंह सामने आकर कह दें कि यह बात झूठी है, मैं तैयार हूं।

**अकाली दल के दरवाजे खुले हैं**

ग्रेवाल ने कहा कि अलग हुए नेताओं के लिए पार्टी के दरवाजे आज भी खुले हैं। किसी को चिट्ठी डालने की जरूरत नहीं। यदि कोई सुखबीर बादल को प्रधान मानता है तो वापस आ सकता है। कई नेताओं ने वापसी के लिए सीनियर नेताओं से बात की है। उन्होंने कहा कि अकाली दल 100 साल से ज्यादा पुरानी पार्टी है। कई आए, कई चले गए, लेकिन लोग जानते हैं कि पंजाब के हितों की बात जब भी होगी, शिरोमणि अकाली दल ही करेगा।

# अब आर्मी हॉस्पिटल में आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीक से हो सकेगा कैंसर का उपचार

एजेंसी | नई दिल्ली



दिल्ली के आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल) में अब कैंसर का इलाज आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीक से हो सकेगा, क्योंकि सोमवार को रिंग गैन्ट्री आधारित लीनियर एक्सेलरेटर की शुरुआत की गई है। अस्पताल के विकिरण ऑन्कोलॉजी विभाग में यह उन्नत तकनीक कैंसर मरीजों के लिए वरदान साबित होगी, जिससे उपचार क्षमता में वृद्धि होने की उम्मीद है।

आर्मी हॉस्पिटल के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल अविनाश दास ने बताया कि रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में शुरू की गई यह सुविधा सेवारत कर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए उन्नत रेडियोथेरेपी तक पहुंच में सुधार करेगी। यह लीनियर एक्सेलरेटर वॉल्यूमेट्रिक माड्यूलेटेड आर्क थेरेपी, इंटेंसिटी-मॉड्यूलेटेड रेडिएशन थेरेपी, इमेज-गाइडेड रेडिएशन थेरेपी, स्टीरियोटैक्टिक बॉडी रेडिएशन थेरेपी और स्टीरियोटैक्टिक रेडियोसर्जरी सहित आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीकों को प्रदान करने में सक्षम है। यह आसपास के सामान्य ऊतकों पर विकिरण के प्रभाव को कम करते हुए ट्यूमर कोशिकाओं तक सटीक विकिरण पहुंचाने में मदद करता है, जिससे उपचार के बेहतर परिणाम और रोगी की बेहतर देखभाल सुनिश्चित होती है।

सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) के अंतर्गत लीनियर एक्सेलरेटर की खरीद पहले के उपकरणों की तुलना में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन पुरानी तकनीक आधारित उपकरणों का अब इस्तेमाल नहीं किया जाता है। यह उपकरण एएफएमएस के अंतर्गत ऑन्कोलॉजी सेवाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में एक कदम है।

एएफएमएस के अधीन अन्य ऑन्कोलॉजी केंद्रों का भी चरणबद्ध तरीके से उन्नयन किया जा रहा है। इस अवसर पर डीजी एएफएमएस सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# रामजन्मभूमि मंदिर में राम परिवार की प्रथम वर्षगांठ पर यज्ञशाला में होगा विशेष अनुष्ठान

### राम परिवार को पहनाए जाएंगे नवीन वस्त्र, लगेगा 56 भोग, वाल्मीकि रामायण का होगा पारायण

समर न्यूज़ | अयोध्या



उत्तर प्रदेश की राम नगरी अयोध्या में राम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम परिवार की स्थापना की प्रथम वर्षगांठ मंगलवार को गंगा दशहरा पर आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर राम मंदिर में विशेष हवन-पूजन, भक्ति-उल्लास से राम मंदिर सराबोर होगा। कार्यक्रम एक सादे समारोह में होगा ।

पिछले वर्ष गंगा दशहरे के मौके पर ही शेषावतार व परकोटा में बने 6 मंदिरों की भी स्थापना हुई थी । प्रथम वर्षगांठ के मौके पर राम मंदिर यज्ञशाला में विशेष धार्मिक अनुष्ठान होगा ।

राम परिवार को नवीन वस्त्र पहनाए जाएंगे , 56 भोग का भोग लगेगा, बाल्मीकि रामायण का पारायण होगा ।पिछले वर्ष 5 जून 2025 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में राम परिवार की स्थापना हुई थी । हिंदी तिथि के अनुसार इस वर्ष कल 26 मई को गंगा दशहरा के पर्व पर प्रथम वर्षगांठ मनाया जाएगा और यज्ञशाला में विशेष धार्मिक अनुष्ठान होगा।

# ईरान फिर जंग की तैयारी में जुटा, तनाव बढ़ा

### तेहरान बोला- अमेरिका पर भरोसा नहीं; होर्मुज स्ट्रेट को बताया सबसे बड़ा रणनीतिक हथियार, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- कोई जल्दबाजी नहीं

एजेंसी | वॉशिंगटन/तेहरान




पश्चिम एशिया में तनाव एक बार फिर बढ़ता दिख रहा है। ईरान ने संकेत दिए हैं कि वह संभावित सैन्य टकराव के लिए अपनी तैयारियां तेज कर रहा है। ईरानी नेताओं और सैन्य अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता और किसी भी समझौते के बावजूद तेहरान अपनी सुरक्षा रणनीति कमजोर नहीं करेगा।

इस बीच होर्मुज स्ट्रेट को लेकर ईरान का रुख और आक्रामक हो गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यही समुद्री मार्ग ईरान का सबसे बड़ा दबाव वाला हथियार बन चुका है। ईरानी संसद के वरिष्ठ सदस्य महमूद नबावियन ने हाल में कहा कि यदि किसी समझौते में होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान की रणनीतिक पकड़ कमजोर होती है तो वह राष्ट्रीय हितों के खिलाफ होगा। वहीं ईरान समर्थक हलकों में यह संदेश दिया जा रहा है कि अमेरिका और उसके सहयोगियों की सैन्य मौजूदगी के बावजूद तेहरान अब पीछे हटने के मूड में नहीं है।

**क्यों अहम है होर्मुज स्ट्रेट?**

होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्गों में शामिल है। वैश्विक समुद्री तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। ईरान पहले भी कई बार इस जलमार्ग को बंद करने या नियंत्रित करने की चेतावनी दे चुका है। हाल के महीनों में अमेरिकी और ईरानी नौसैनिक गतिविधियों के कारण यहां तनाव काफी बढ़ा है। रिपोर्टों के मुताबिक ईरान ने इस क्षेत्र में रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की गश्त बढ़ा दी है। कई अंतरराष्ट्रीय शिपिंग कंपनियों ने भी सुरक्षा कारणों से जहाजों की आवाजाही सीमित की है।

**एफ-35 और आरक्यू-2 को वापस मोड़ने का दावा**

विशेषज्ञों का मानना है कि अगर होर्मुज स्ट्रेट में तनाव और बढ़ता है तो इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा। वैश्विक तेल बाजार, शिपिंग और एशियाई अर्थव्यवस्थाओं पर भी इसका सीधा प्रभाव पड़ सकता है। फिलहाल कूटनीतिक बातचीत जारी है, लेकिन दोनों पक्षों की बयानबाजी ने हालात को फिर संवेदनशील बना दिया है। इसी बीच ईरान ने जवाबी कार्रवाई का बड़ा दावा भी किया है। भारत स्थित ईरानी एंबेसी ने दावा किया हमने एक अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन मार गिराया, जबकि एफ-35 और आरक्यू-2 को वापस मुड़कर भागना पड़ा।

**ईरान बोला- अमेरिका से एनरिच्ड यूरेनियम पर बातचीत नहीं**

ईरान ने कहा है कि अमेरिका के साथ जारी बातचीत में हाईली एनरिच्ड यूरेनियम का मुद्दा शामिल नहीं है। सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के डिप्टी सेक्रेटरी अली बाघेरी कानी ने रूस के मॉस्को में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन के दौरान फार्स न्यूज से कहा, यह मुद्दा बातचीत के एजेंडे में नहीं है।

उनका बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति समझौते को लेकर बातचीत जारी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पहले कह चुके हैं कि अमेरिका ईरान को उसके 440 किलोग्राम हाईली एनरिच्ड यूरेनियम स्टॉकपाइल रखने की अनुमति नहीं देगा। ईरान के 60% तक समृद्ध यूरेनियम को लेकर दोनों देशों के बीच सबसे बड़ा विवाद बना हुआ है।

# अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने पत्नी संग जयपुर में देखा आमेर महल, दीवाने खास

एजेंसी | जयपुर



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो सोमवार दोपहर जयपुर पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी जेनेट डी. रूबियो और अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर भी हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री करीब पौने दो बजे आगरा से जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे। रूबियो एयरपोर्ट से परिवार के साथ सीधे आमेर महल पहुंचे। महल के जलेब चौक में उनका पारंपरिक राजस्थानी अंदाज में स्वागत किया गया। लोक कलाकारों ने उनके स्वागत में परम्परागत घूमर, कालबेलिया और कच्छी घोड़ी की प्रस्तुति दी। गाइड ने उन्हें आमेर के शीश महल, गणेश पोल, दीवाने आम, दीवाने खास, सुख निवास और मावठा झील के बारे में जानकारी दी। आमेर के दौरे के बाद मार्को रूबियो हाथी गांव और सिटी पैलेस भी जाएंगे। रूबियो जयपुर के हेरिटेज होटल रामबाग पैलेस में रात्रि विश्राम करेंगें। दौरे को लेकर प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों अलर्ट हैं। रूबियो एक दिन रुकने के बाद मंगलवार सुबह करीब साढे छह बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### एआई तकनीक के प्रयोग से शिक्षा क्षेत्र में नया प्रयोग, विद्यार्थियों में उत्साह

# काठमांडू के स्कूल में रोबोट बना शिक्षक, छात्रों की परीक्षा भी करवाई

एजेंसी | काठमांडू



नेपाल की राजधानी काठमांडू के एक स्कूल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित रोबोट ने शिक्षक की भूमिका निभाते हुए छात्रों की परीक्षा भी संचालित करवाई। इस अनोखे प्रयोग ने शिक्षा जगत में चर्चा पैदा कर दी है।

स्कूल प्रशासन के अनुसार, रोबोट ने परीक्षा के दौरान छात्रों को निर्देश दिए, उपस्थिति दर्ज की और अनुशासन बनाए रखने में मदद की। एआई तकनीक से लैस यह रोबोट छात्रों के सवालों के जवाब देने में भी सक्षम बताया गया है। परीक्षा के दौरान रोबोट शिक्षक को देखकर छात्र उत्साहित नजर आए। कई विद्यार्थियों ने कहा कि इससे पढ़ाई और परीक्षा का माहौल अधिक रोचक बना।

विशेषज्ञों का मानना है कि एआई और रोबोटिक्स भविष्य में शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि मानवीय शिक्षकों की जगह पूरी तरह तकनीक लेना फिलहाल संभव नहीं है।

**Good DAY**



समर न्यूज़ | लुधियाना

यह नई सुबह आपके जीवन में नई उम्मीदों, सकारात्मक ऊर्जा और ढेर सारी खुशियों का संदेश लेकर आए। हर उगता हुआ सूरज हमें यह एहसास कराता है कि जिंदगी में आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने के लिए हर दिन एक नया अवसर लेकर आता है।

**श्रुति भाटिया**
**सोशल मीडिया सलाहकार**

**पेज 3 एंकर स्टोरी**

### 'मेड इन इंडिया' एयर प्यूरीफिकेशन सिस्टम, ईवी एंटी-स्मॉग गन और पवन-III तकनीक का लिया जायजा

# दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए नई तकनीकों की हुई शुरुआत

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने राजधानी में बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने के लिए आधुनिक और स्वदेशी तकनीकों के इस्तेमाल की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को राजधानी में स्थापित तीन अत्याधुनिक 'मेड इन इंडिया' एयर प्यूरीफिकेशन तकनीकों का निरीक्षण किया। इस दौरान पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से इन तकनीकों की कार्यप्रणाली, प्रदूषण कम करने की क्षमता और दिल्ली में इनके व्यापक उपयोग की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का प्रदूषण नियंत्रण अभियान केवल सर्दियों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे वर्ष स्वच्छ हवा और बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने सबसे पहले सत गुरु राम सिंह मार्ग (रामा रोड) पर लगाए गए एसटीआर-101 फिल्टर-रहित एयर प्यूरीफायर सिस्टम का निरीक्षण किया। यहां बिजली के खंभों पर कुल 21 इकाइयां लगाई गई हैं। यह प्रणाली हवा में मौजूद धूल, धुआं, पीएम 1, पीएम 2.5, पीएम 10 और अन्य हानिकारक कणों को कम करने में सक्षम है। इसकी हाई-फ्रीक्वेंसी चिप तकनीक बैक्टीरिया और वायरस को भी निष्क्रिय करने का काम करती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह सिस्टम प्रति घंटे




लगभग तीन लाख लीटर हवा को शुद्ध करने की क्षमता रखता है और सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड तथा कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैसों को भी कम करने में मदद करता है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कीर्ति नगर से मायापुरी मार्ग पर संचालित देश की पहली ईवी-आधारित एंटी-स्मॉग गन का निरीक्षण किया। यह पूरी तरह जीरो-एमिशन मोबाइल प्रणाली है, जिसे जरूरत के अनुसार अलग-अलग क्षेत्रों में इस्तेमाल किया जा सकता है। यह तकनीक सूक्ष्म जल कणों का छिड़काव कर कृत्रिम वर्षा जैसा प्रभाव पैदा करती है, जिससे धूल और प्रदूषक नीचे बैठ जाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तकनीक 'क्लीन एयर कॉरिडोर' बनाने में सहायक साबित हो सकती है। इसमें रियल-टाइम पीएम सेंसर और आईओटी आधारित नियंत्रण प्रणाली भी लगी है, जो वायु गुणवत्ता के अनुसार स्वतः संचालित होती है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कीर्ति नगर फायर स्टेशन के पास लगाए गए पवन-III रोडसाइड एयर पॉल्यूशन कंट्रोल डिवाइस का भी निरीक्षण किया। यह तकनीक सड़क किनारे वाहनों से निकलने वाले प्रदूषण को स्रोत स्तर पर पकड़कर शुद्ध हवा वापस वातावरण में छोड़ती है।

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण नियंत्रण के लिए वैज्ञानिक और प्रभावी तकनीकों का जमीनी स्तर पर परीक्षण कर रही है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (एनपीएल) और अंतर्राष्ट्रीय ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी केंद्र (आईसीएटी) की निगरानी में अगले दो से ढाई महीने तक इन तकनीकों का परीक्षण जारी रहेगा। जो तकनीकें वैज्ञानिक मानकों पर सफल साबित होंगी, उन्हें बड़े स्तर पर लागू किया जाएगा।

# चीन में बढ़ा 'ब्रेकअप फीस' लेने का ट्रेंड

एजेंसी | बीजिंग

चीन में इन दिनों रिश्तों से जुड़ा एक नया ट्रेंड चर्चा में है, जिसे 'ब्रेकअप फीस' कहा जा रहा है। सोशल मीडिया और कई स्थानीय रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ युवक अपनी गर्लफ्रेंड से रिश्ता खत्म करने के बदले उन्हें आर्थिक मुआवजा या उपहार दे रहे हैं। इसे रिश्ते के दौरान खर्च हुए समय, भावनात्मक जुड़ाव और मानसिक प्रभाव की भरपाई के तौर पर देखा जा रहा है। चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इस ट्रेंड को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कुछ लोग इसे जिम्मेदार व्यवहार मान रहे हैं, जबकि कई यूजर्स का कहना है कि इससे रिश्तों का भावनात्मक पक्ष कमजोर हो सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, कई मामलों में ब्रेकअप के बाद महंगे गिफ्ट, यात्रा खर्च या नकद राशि दी जा रही है।

# पलवल में हथौड़ों से हमलों की घटनाएं बढ़ीं, लगातार वारदातों से दहशत में लोग

सुन्दर कुंडू | पलवल
समर न्यूज





पलवल जिले में इन दिनों बदमाशों द्वारा हथौड़ों और लोहे की रॉड से हमला करने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। बीते एक सप्ताह में इस तरह की तीन बड़ी वारदातें सामने आने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। लगातार हो रहे हमलों से लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

ताजा मामला पलवल की देव नगर कॉलोनी से सामने आया है, जहां नरेंद्र कुंडु नामक युवक पर कुछ युवकों ने कथित तौर पर हथौड़ों और लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल नरेंद्र का शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित नरेंद्र कुंडु के अनुसार, चार युवकों ने उन्हें फोन कर कुशलीपुर स्थित अपने कार्यालय में बुलाया था। नरेंद्र का आरोप है कि जब वह वहां पहुंचे तो आरोपी शराब पी रहे थे। आरोप है कि युवकों ने उन्हें भी कोई नशीला पदार्थ दिया, जिसके बाद उन्हें नीचे गिराकर लोहे की रॉड, डंडों और हथौड़ों से बेरहमी से पीटा गया। हमले में नरेंद्र के हाथ और पैर में फ्रैक्चर आया है, जबकि शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित का कहना है कि उसने मामले की शिकायत पुलिस को दे दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

नरेंद्र ने आरोप लगाया कि कार्रवाई न होने के कारण उसे और उसके परिवार को लगातार खतरा महसूस हो रहा है। घटना के बाद परिवार दहशत में है और इलाके के लोगों में भी डर का माहौल बना हुआ है।

लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने जिले में कानून व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिनदहाड़े हो रहे हमले पुलिस गश्त और अपराध नियंत्रण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और जिले में बढ़ती हिंसक घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## नौतपा में 47 डिग्री तक पहुंच सकता है तापमान

समर न्यूज | चंडीगढ़

नौतपा के दूसरे दिन हरियाणा में भीषण गर्मी ने फिर रफ्तार पकड़ ली है। कमजोर पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होते ही प्रदेशभर में तापमान में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बुधवार को कई जिलों में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका जताई है। लगातार बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुए 29 मई तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

मंगलवार को प्रदेश के कई जिलों में तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। सबसे अधिक तापमान सिरसा में 46 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि रोहतक 45.6 डिग्री के साथ दूसरे स्थान पर रहा। हिसार और भिवानी में अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं महेंद्रगढ़ में पारा 44 डिग्री तक पहुंच गया।

# अंबाला छावनी में चलती हुई एक्टिवा में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

अंकुर कपूर | अंबाला
समर न्यूज



अंबाला छावनी के कबाड़ी बाजार क्षेत्र में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सड़क पर चल रहे एक एक्टिवा स्कूटर में अचानक आग लग गई। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों की सतर्कता और चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार, आशीष सभरवाल नामक युवक मोची मंडी से एक्टिवा पर सवार होकर एसडीएम कार्यालय की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह कबाड़ी बाजार इलाके में पहुंचे, राहगीरों ने उनके स्कूटर से धुआं और आग की लपटें निकलती देखीं। लोगों ने तुरंत आवाज लगाकर उन्हें आग लगने की सूचना दी। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए आशीष ने तुरंत एक्टिवा रोककर सड़क किनारे खड़ा कर दिया और उससे नीचे उतर गए। कुछ ही पलों में स्कूटर में आग तेजी से फैलने लगी, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत एकजुट होकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद लोगों ने आग पर काबू पा लिया। हालांकि, आग लगने से एक्टिवा को काफी नुकसान पहुंचा है। गनीमत रही कि चालक समय रहते वाहन से उतर गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई।

पीड़ित आशीष सभरवाल ने बताया कि चलते समय उन्हें किसी तकनीकी खराबी का अंदेशा नहीं हुआ था। अचानक लोगों ने आग लगने की सूचना दी, जिसके बाद उन्होंने तुरंत वाहन रोक दिया। शुरुआती आशंका शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी की जताई जा रही है।

## हरियाणा में किताब खरीद में गड़बड़ी का खुलासा

समर न्यूज | चंडीगढ़/हरियाणा

हरियाणा के उच्च शिक्षा विभाग में किताबों की खरीद से जुड़ी अनियमितताओं को लेकर बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया गया है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट में सामने आई गड़बड़ियों के बाद राज्य सरकार ने 8 पब्लिशर्स को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। अब इन प्रकाशकों की किताबें सरकारी कॉलेजों में खरीदी या उपयोग नहीं की जा सकेंगी।

रिपोर्ट में आरोप था कि कुछ मामलों में किताबों की खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई, और निर्धारित मानकों की अनदेखी करते हुए चयन किया गया। इसके बाद उच्च शिक्षा विभाग ने जांच के आधार पर यह कार्रवाई की है। कैग की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कई कॉलेजों में समान विषयों की अलग-अलग प्रकाशकों की किताबें बिना उचित मूल्य तुलना के खरीदी गईं। इससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताई गई थी।

# 10 रुपये मांगने पर सब्जी विक्रेता की ईंट मारकर हत्या

## करनाल के बूढ़ाखेड़ा की घटना, डंडे और ईंट से सिर पर किए कई वार

समर न्यूज | करनाल





हरियाणा के करनाल जिले में महज 10 रुपये के विवाद ने खूनी रूप ले लिया। बूढ़ाखेड़ा चौक के पास रात दो अज्ञात युवकों ने एक सब्जी विक्रेता की ईंट और डंडे से हमला कर हत्या कर दी। घटना के दौरान बीच-बचाव करने आई मृतक की बेटी और पत्नी के साथ भी मारपीट की गई।

पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। सेक्टर-32 थाना पुलिस को दी शिकायत में बूढ़ाखेड़ा गांव निवासी शिवानी ने बताया कि उसके पिता संजय सैनी (44) मुख्य सड़क किनारे नाले के पास फल और सब्जी की दुकान लगाते थे। रात करीब 9:30 बजे वह अपनी मां और बहनों के साथ दुकान पर मौजूद थी। इसी दौरान दो युवक दुकान पर आए और करीब 210 रुपये की फल-सब्जी खरीदकर 200 रुपये देकर जाने लगे। जब परिवार ने बाकी 10 रुपये मांगे तो दोनों युवक गाली-गलौज करने लगे। शोर सुनकर संजय सैनी मौके पर पहुंचे और युवकों को विवाद न करने के लिए कहा। आरोप है कि इसी बात पर दोनों हमलावर भड़क गए और उन्होंने संजय को धक्का देकर मारपीट शुरू कर दी। कुछ ही देर में आरोपियों ने डंडे और ईंट से उनके सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। शिवानी के अनुसार, छोटी बहन सलोनी पिता को बचाने के लिए डंडा लेकर आई थी, लेकिन आरोपियों ने उससे डंडा छीन लिया और उसी से उसकी बाजू पर हमला कर दिया। जब मां अनु बीच-बचाव के लिए आगे आईं तो उनके साथ भी मारपीट की गई। हमलावर लगातार संजय के सिर पर ईंट और डंडों से हमला करते रहे, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े।

घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजन घायल संजय को तुरंत सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## नारायणगढ़ में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, दोनों तरफ से चले आठ राउंड फायर

# शहजादपुर ट्रिपल मर्डरः मुख्य आरोपी गोली लगने के बाद काबू





अंकुर कपूर | अंबाला
समर न्यूज

अंबाला पुलिस की सीआईए-01 टीम ने नारायणगढ़ क्षेत्र में गश्त के दौरान हुई मुठभेड़ के बाद शहजादपुर ट्रिपल मर्डर केस के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में उसके दोनों पैरों में गोली लगी। घायल आरोपी को पुलिस सुरक्षा के बीच अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सीआईए-01 टीम नारायणगढ़ क्षेत्र में नियमित गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को एक संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन आरोपी ने बाइक रोकने के बजाय पुलिस पर सीधा फायर झोंक दिया। पुलिस से बचने के प्रयास में आरोपी पहाड़ीपुर गांव के पास अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर खेतों की तरफ भागने लगा। इस दौरान आरोपी लगातार पुलिस टीम पर गोलियां चलाता रहा। आत्मरक्षा और आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की।

मुठभेड़ के दौरान पुलिस और आरोपी के बीच करीब आठ राउंड फायरिंग हुई। जवाबी गोलीबारी में आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी, जिसके बाद पुलिस टीम ने उसे मौके पर ही काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार और कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

▪ **परिवार के तीन लोगों की हत्या का आरोपी** – सीआईए प्रभारी निरीक्षक हरजिंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शहजादपुर क्षेत्र में हुए चर्चित ट्रिपल मर्डर केस का मुख्य आरोपी है। शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि उसने कुछ दिन पहले अपने ही परिवार के सदस्यों की गोली मारकर हत्या की थी। घटना के बाद से पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही थी।

▪ **घायल आरोपी अंबाला रेफर**

मुठभेड़ में घायल होने के बाद आरोपी को तुरंत नारायणगढ़ के नागरिक अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे अंबाला शहर के सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल आरोपी पुलिस निगरानी में उपचाराधीन है।

सीआईए प्रभारी हरजिंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी की हालत में सुधार होने और अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उसे अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ कर मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच करेगी।

# फरीदाबाद में पानी संकट गहराया

## कहीं सूखी टोंटियां तो कहीं सड़कों पर बह रहा पेयजल, लोगों में गुस्सा

समर न्यूज | फरीदाबाद



भीषण गर्मी के बीच फरीदाबाद में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। शहर के कई इलाकों में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं, जबकि दूसरी ओर फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) की लापरवाही के चलते हजारों लीटर स्वच्छ पेयजल सड़कों पर बह रहा है। इस स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।

जानकारी के अनुसार, सेक्टर-70 स्थित आगमन सोसायटी के पास पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। पाइपलाइन टूटने से सप्लाई का पानी घरों तक पहुंचने के बजाय सड़क पर बह रहा है, जिससे आसपास जलभराव की स्थिति बन गई है। लगातार पानी बहने के कारण इलाके में पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि मामले की शिकायत एफएमडीए अधिकारियों, एसडीओ और कार्यकारी अभियंता अंकित भारद्वाज को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया।

लोगों का कहना है कि एक तरफ शहर में पानी की भारी किल्लत है और दूसरी तरफ प्रशासन की अनदेखी से बड़ी मात्रा में पानी बर्बाद हो रहा है। शहर में पेयजल आपूर्ति की जिम्मेदारी नगर निगम और एफएमडीए के पास है। हर साल गर्मी शुरू होने से पहले नियमित जलापूर्ति के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत अलग नजर आ रही है। डबुआ, नंगला एनक्लेव, मुजेसर, भारत कॉलोनी, प्रेस कॉलोनी, पर्वतीय कॉलोनी, सैनिक कॉलोनी और ग्रेटर फरीदाबाद की कई सोसायटियों में पानी की समस्या गंभीर बनी हुई है। कई क्षेत्रों में लोगों को टैंकरों और निजी जल सप्लाई पर निर्भर रहना पड़ रहा है। मामले को लेकर एफएमडीए के कार्यकारी अभियंता अंकित भारद्वाज ने कहा कि शिकायत मिलने के बाद संबंधित टीम को पाइपलाइन की मरम्मत के निर्देश दे दिए गए हैं और जल्द ही समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।

# मुरथल रोड पर ट्रक से टकराई कार, 19 वर्षीय छात्र की मौत

समर न्यूज | सोनीपत



मुरथल रोड पर तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराने से दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में एक पॉलिटेक्निक छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका चाचा और दो दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और अंदर फंसे युवकों को निकालने के लिए लोगों को कार के शीशे और दरवाजे तोड़ने पड़े।

मृतक की पहचान गांव तिहाड़ खुर्द निवासी 19 वर्षीय सुधांशु के रूप में हुई है। वह पॉलिटेक्निक में केमिकल इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष का छात्र था। पढ़ाई के साथ-साथ वह रात के समय ब्लिंकिट में पार्ट टाइम डिलीवरी जॉब भी करता था। बताया जा रहा है कि ड्यूटी खत्म होने के बाद सुधांशु अपने चाचा और दोस्तों के साथ मुरथल की तरफ घूमने और खाना खाने गया था। देर रात लौटते समय मुरथल रोड पर गीतांजलि गार्डन के सामने बजाज फोर व्हीलर शोरूम के पास उनकी कार तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े खराब ट्रक से जा टकराई। हादसा इतना भयावह था कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया।

टक्कर के बाद कार में सवार युवक अंदर बुरी तरह फंस गए। मौके पर मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद कार के दरवाजे और शीशे तोड़कर घायलों को बाहर निकाला। सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने सुधांशु को मृत घोषित कर दिया।

# करनाल टोल प्लाजा पर बीटेक छात्र की बेरहमी से पिटाई, गंभीर

## प्योंत करनाल-असंध टोल प्लाजा पर कर्मचारियों पर ईंट-सरियों से हमला करने का आरोप

समर न्यूज | करनाल

एनएच-709ए स्थित प्योंत करनाल-असंध टोल प्लाजा पर रात एक बीटेक छात्र के साथ कथित रूप से हुई बर्बर मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि टोल कर्मचारियों ने मामूली विवाद के बाद छात्र को घेरकर ईंटों, लोहे की सरियों, थप्पड़ों और मुक्कों से बेरहमी से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल छात्र की पहचान उपलाना गांव निवासी योगराज के रूप में हुई है, जिसे पहले करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया और बाद में हालत गंभीर होने पर पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। घटना रात करीब 9 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, वाहन गांव कल्लाहेड़ी निवासी अशोक चला रहे थे। पीड़ित पक्ष का दावा है कि वाहन टोल टैक्स से छूट प्राप्त श्रेणी में शामिल था। आरोप है कि टोल प्लाजा पर मौजूद कुछ कर्मचारियों ने क्रॉसिंग को लेकर अचानक विवाद शुरू कर दिया और देखते ही देखते मामला हिंसक हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, करीब 10 टोल कर्मचारियों ने छात्र को घेर लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि कई कर्मचारी बिना वर्दी और नेम प्लेट के ड्यूटी कर रहे थे, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। हमलावरों ने छात्र को जमीन पर गिराकर लगातार पीटा और ईंटों व लोहे जैसी वस्तुओं का इस्तेमाल किया। मौके पर मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर किसी तरह युवक को बचाया। घटना की सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने दो टोल कर्मियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि मारपीट की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुई है, जिसमें कई कर्मचारी वाहन की ओर दौड़ते दिखाई दे रहे हैं। घटना के बाद इलाके में तनाव और आक्रोश का माहौल है।

लोगों का कहना है कि टोल प्लाजा पर कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार और दबंगई की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से ऐसे मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि टोल कर्मी नियमों के पालन के बजाय आम लोगों के साथ गुंडागर्दी कर रहे हैं।

# बहादुरगढ़ में एयरफोर्स सार्जेंट के सूने घर में लाखों की चोरी

समर न्यूज | बहादुरगढ़

शहर के वेदान्त नगर परनाला रोड स्थित एक बंद मकान में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर भारतीय वायुसेना में तैनात एक सार्जेंट के घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर फरार हो गए। घटना का खुलासा तब हुआ जब पड़ोसियों ने मकान का मुख्य गेट खुला देखा और इसकी सूचना मकान मालिक को दी।

पीड़ित अभिषेक कौशिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह भारतीय वायुसेना पुलिस में सार्जेंट के पद पर असम के जोरहाट में तैनात हैं। उनकी पत्नी दिल्ली सरकार में अध्यापिका हैं। 13 मई को उनकी पत्नी और माता घर पर ताला लगाकर जोरहाट चली गई थीं। इसके बाद से मकान बंद पड़ा था। सुबह पड़ोसियों ने फोन कर बताया कि घर का मुख्य गेट खुला हुआ है। सूचना मिलने पर अभिषेक ने अपने मामा विजय शर्मा को घर भेजा। जब उन्होंने घर के अंदर जाकर देखा तो अलमारी और संदूक खुले पड़े थे, जबकि पूरे घर का सामान बिखरा हुआ था। पीड़ित के अनुसार, चोर घर से करीब 3 लाख 6 हजार रुपये नकद, सोने की चेन, मंगलसूत्र, अंगूठियां, बालियां, चांदी की पायल, चुटकियां और करीब 430 ग्राम चांदी चोरी कर ले गए।

शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने बंद पड़े मकान की रेकी करने के बाद वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि मकान करीब 12 से 13 दिनों से बंद था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने आराम से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

मंजूरी | जींद-सोनीपत रूट को मिली मंजूरी, हाइड्रोजन फ्यूल सेल आधारित होगी 10 कोच वाली डेमू

# हरियाणा में दौड़ेगी देश की नई ग्रीन हाइड्रोजन ट्रेन

समर न्यूज | चंडीगढ़



भारतीय रेलवे ने हरियाणा के जींद-सोनीपत रेलखंड पर हाइड्रोजन फ्यूल सेल आधारित 10 कोच वाली डेमू ट्रेन चलाने को मंजूरी दे दी है। यह देश में ग्रीन और स्वच्छ ऊर्जा आधारित रेल तकनीक की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। रेलवे बोर्ड ने ट्रेन संचालन की अनुमति कई तकनीकी और सुरक्षा मानकों के साथ जारी की है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह ट्रेन हाइड्रोजन गैस से संचालित होगी और इसकी अधिकतम गति 75 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। हाइड्रोजन तकनीक के इस्तेमाल से डीजल की खपत कम होगी और प्रदूषण में भी कमी आने की उम्मीद है। फिलहाल इस ट्रेन का संचालन केवल जींद-सोनीपत सेक्शन पर किया जाएगा। ट्रेन के रखरखाव और तकनीकी निगरानी की जिम्मेदारी दिल्ली स्थित शकूरबस्ती डिपो को सौंपी गई है। वहीं जींद में हाइड्रोजन गैस भरने और उसके सुरक्षित भंडारण के लिए जरूरी लाइसेंस भी जारी कर दिए गए हैं। रेलवे बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि ट्रेन शुरू करने से पहले सभी सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य होगा। हाइड्रोजन प्लांट, बैटरी सिस्टम और ट्रेन सेट की सुरक्षा जांच रिपोर्ट में बताए गए सभी निर्देशों को लागू करना जरूरी होगा।

इसके अलावा, हाइड्रोजन रिफ्यूलिंग स्टेशन और ट्रेन संचालन से जुड़े कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। रेलवे ने कहा है कि शुरुआती तीन महीनों तक ट्रेन के साथ प्रशिक्षित तकनीकी स्टाफ भी तैनात रहेगा, ताकि किसी भी तकनीकी समस्या का तुरंत समाधान किया जा सके। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रेलवे ने कई अतिरिक्त दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। इनमें हाइड्रोजन प्लांट की 24 घंटे निगरानी, सेंसर की नियमित सफाई, आवश्यक स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता और पूरे परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। रेलवे ने भविष्य में ग्रीन हाइड्रोजन के वैकल्पिक स्रोत विकसित करने पर भी जोर दिया है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देश की पहली हाइड्रोजन डेमू ट्रेन हरियाणा को मिलने पर प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना राज्य के रेल इंफ्रास्ट्रक्चर और हरित ऊर्जा क्षेत्र में नई दिशा तय करेगी। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि यह ट्रेन भविष्य की आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

# अंबाला में मिला 'श्री राम' अंकित तैरता शिलाखंड

अंकुर कपूर | अंबाला
समर न्यूज



अंबाला छावनी के एक प्राचीन शिव मंदिर में खुदाई के दौरान मिला एक पत्थर इन दिनों लोगों की आस्था और चर्चा का केंद्र बना हुआ है। करीब 12 किलो वजनी इस पत्थर पर "श्री राम" अंकित है। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि जब पत्थर को पानी से भरे ड्रम में डाला गया तो वह डूबने के बजाय पानी की सतह पर तैरने लगा।

घटना के बाद मंदिर परिसर और आसपास के इलाके में लोगों की भीड़ जुटने लगी। स्थानीय लोग इसे धार्मिक आस्था और चमत्कार से जोड़कर देख रहे हैं। कई लोगों का मानना है कि यह घटना रामायण काल की उस मान्यता की याद दिलाती है, जब भगवान श्रीराम के नाम वाले पत्थर समुद्र पर तैरते थे।

जानकारी के अनुसार, मंदिर परिसर में चल रही खुदाई के दौरान यह पत्थर मिला। पत्थर पर स्पष्ट रूप से "श्री राम" लिखा हुआ दिखाई देता है। उत्सुकतावश स्थानीय लोगों ने इसे पानी में डालकर देखा, लेकिन भारी वजन होने के बावजूद पत्थर डूबा नहीं और पानी पर तैरता रहा। इस अनोखी घटना को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच रहे हैं। स्थानीय निवासी कैलाश नैनीवाल और करण मल्होत्रा सहित कई लोगों ने इसे आस्था से जुड़ा अद्भुत अनुभव बताया।

# सैनिकों ने बुझाई कसौली के जंगलों की आग सुखना लेक से हेलीकॉप्टर से पानी लेकर गए

**'हर काम देश के नाम' : भारतीय सेना के संयुक्त प्रयासों से कसौली के जंगलों की आग पर काबू पाया गया, 15 घंटे से ज्यादा देर तक चला ऑपरेशन**

मोनिका रावत | चंडीगढ़
समर न्यूज़






15 घंटे से अधिक समय तक चले लगातार रात्रिकालीन अभियान और दिनभर जारी प्रयासों के दौरान, भारतीय सेना ने भारतीय वायुसेना, कसौली एवं चंडीगढ़ प्रशासन के नागरिक अधिकारियों तथा अन्य स्थानीय एजेंसियों के साथ घनिष्ठ समन्वय में कार्य करते हुए, कसौली के पश्चिमी ढलानों पर स्थित गिल्बर्ट ट्रेल और अपर मॉल क्षेत्र में भड़की भीषण वनाग्नि पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया है।

26 मई 2026 को लगभग दोपहर 3 बजे आग लगने के बाद, भारतीय सेना की कसौली ब्रिगेड ने घने जंगलों और दुर्गम क्षेत्र में आग के फैलाव को रोकने के लिए तुरंत और समन्वित कार्रवाई शुरू की। इस अभियान में सेना के जवानों, फायर टेंडरों और जल वाहनों द्वारा व्यापक जमीनी स्तर पर अग्निशमन प्रयास किए गए, वहीं भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों ने सुखना झील से पानी भरकर कई बम्बी बकेट सॉर्टीज़ के माध्यम से हवाई अग्निशमन अभियान चलाया।

इन संयुक्त प्रयासों से गिल्बर्ट हिल और अपर मॉल सहित प्रमुख प्रभावित क्षेत्रों में आग पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गया तथा इसे संवेदनशील वन क्षेत्रों तक फैलने से रोका गया। सेना के कर्मी, जिनमें लड़ाकू और गैर-लड़ाकू दोनों प्रकार के कर्मचारी शामिल हैं, कठिन परिस्थितियों में लगातार कार्य कर रहे हैं। वे फायरब्रेक तैयार करने, संवेदनशील क्षेत्रों को अलग-थलग करने तथा शेष हॉटस्पॉट्स को बुझाने में जुटे हैं ताकि आग दोबारा न भड़क सके। दुर्गम क्षेत्रों में हवाई अग्निशमन अभियान अभी भी जारी है। अभियान में तैनात सभी कर्मी और उपकरण सुरक्षित हैं। नागरिकों या राहतकर्मियों के बीच किसी प्रकार की जनहानि या चोट की सूचना नहीं है। लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेन्द्र सिंह, एवीएसएम, एसएम, आर्मी कमांडर, पश्चिमी कमान, ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर जारी अभियानों की समीक्षा की और जमीनी स्थिति का आकलन किया। उन्होंने अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में जवानों की त्वरित प्रतिक्रिया, साहस और अथक प्रयासों की सराहना की। उनके उत्कृष्ट पेशेवर कौशल और समर्पण के सम्मान में, उन्होंने अग्निशमन अभियान में सक्रिय रूप से शामिल कर्मियों को ऑन-द-स्पॉट प्रशंसा पत्र प्रदान किए। यह अभियान एक बार फिर भारतीय सशस्त्र बलों की उच्च स्तर की ऑपरेशनल रेडीनेस, अंतर-एजेंसी समन्वय तथा प्राकृतिक आपदाओं और मानवीय आपात स्थितियों के दौरान जीवन, संपत्ति और पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# कुल्हेड़ा में उप प्रधान चुनाव के बाद बढ़ा सियासी तनाव

**विधायक लखनपाल के पहुंचने पर लगे विरोध के नारे**

अरविंद | हमीरपुर
समर न्यूज़



कुल्हेड़ा गांव में उप प्रधान चुनाव के परिणाम के बाद देर रात राजनीतिक माहौल पूरी तरह गरमा गया। बड़सर के विधायक इंदरदत्त लखनपाल रात करीब 12 बजे गांव पहुंचे, जहां उनके विरोध में लखनपाल गो बैक के नारे लगाए गए। मौके पर काफी देर तक हाई वोल्टेज राजनीतिक ड्रामा चलता रहा और समर्थकों के बीच तीखी बहस देखने को मिली।

बताया जा रहा है कि विधायक उप प्रधान पद के चुनाव परिणाम आने के बाद कुल्हेड़ा पहुंचे थे। इसी दौरान कांग्रेस नेता डेनी जसपाल ने विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि जब वे कांग्रेस पार्टी में थे और यहां से कई चुनाव लड़ते थे, तब विधायक कभी उनके समर्थन में नहीं आए। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर ऐसी कौन-सी परिस्थिति बन गई कि विधायक को आधी रात को चुनाव स्थल तक पहुंचना पड़ा। उप प्रधान पद के चुनाव में विजय ने बेहद कांटे की टक्कर में इंद्र को एक वोट से हराया। इंद्र पहले कांग्रेस पार्टी से जुड़े थे, लेकिन बाद में विधायक लखनपाल के भाजपा में शामिल होने के बाद वे भी भाजपा में चले गए थे। चुनाव परिणाम के बाद गांव में राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई है।

# चिट्टा छोड़ो, खेलो खेल... के संदेश के साथ सजेगा क्रिकेट कार्निवाल

संजू | शिमला
समर न्यूज़



शिमला में इस बार क्रिकेट केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं होगा,बल्कि युवाओं को नशे से दूर रखने और खेलों के प्रति जागरूक करने का बड़ा सामाजिक अभियान बनेगा। चिट्टा छोड़ो, खेलो खेल थीम पर आयोजित होने वाला शिमला क्रिकेट कार्निवाल 2026 युवाओं को सकारात्मक दिशा देने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

हिमालयन स्पोर्ट्स एंड कल्चर यूथ क्लब और नगर निगम शिमला के संयुक्त तत्वावधान में यह क्रिकेट कार्निवाल 1 जून से 13 जून तक पुलिस ग्राउंड भराड़ी में आयोजित होगा। प्रतियोगिता खास तौर पर वर्ष 2023 की समरहिल त्रासदी में जान गंवाने वाले चार युवा क्रिकेटरों संजीव ठाकुर, अविनाश नेगी, अमित ठाकुर और नीरज ठाकुर की स्मृति को समर्पित रहेगी। आयोजन के जरिए दिवंगत खिलाड़ियों को श्रद्धांजलि देने के साथ युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करने का प्रयास किया जाएगा।महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते नशे के खिलाफ खेल सबसे प्रभावी माध्यम साबित हो सकते हैं। उन्होंने जानकारी दी कि प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 13 जून को खेला जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

इस क्रिकेट कार्निवाल की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि पहली बार शिमला में क्रिकेट मुकाबले फ्लडलाइट्स के नीचे डे-नाइट फॉर्मेट में आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता में नगर निगम के 34 वार्डों से करीब 50 टीमें हिस्सा लेंगी, जबकि 18 विभागीय टीमें इंस्टीट्यूशनल लीग में अपनी चुनौती पेश करेंगी। महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए चार महिला टीमों को भी प्रतियोगिता में शामिल किया गया है।संस्था के अध्यक्ष वीरेंद्र बांस्टू ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले चरण में गली क्रिकेट मुकाबले होंगे, जबकि दूसरे चरण में चयनित टीमों के बीच प्रोफेशनल नॉकआउट मैच खेले जाएंगे। इसके अलावा 12 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को क्रिकेट किट वितरित कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

प्रतियोगिता में विजेता टीमों के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार भी निर्धारित किए गए हैं। वार्ड और डिपार्टमेंटल नॉकआउट वर्ग की विजेता टीम को 1.11 लाख रुपये, जबकि उपविजेता को 55 हजार रुपये दिए जाएंगे। वहीं गली क्रिकेट फॉर्मेट में विजेता टीम को 44 हजार और रनरअप टीम को 22 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। यह आयोजन बड़ा सामाजिक अभियान बनेगा।

# करसोग के मेहंडी वार्ड में पंचायत समिति चुनाव रद्द, आज फिर मतदान

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़

राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत समिति करसोग के वार्ड नंबर 12 मेहंडी में चल रही चुनाव प्रक्रिया को निरस्त करते हुए यहां पुनः मतदान कराने का निर्णय लिया है। अब इस वार्ड में पंचायत समिति सदस्य पद के लिए 28 मई को दोबारा मतदान कराया जाएगा। मतदान सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक संपन्न होगा।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान मतपत्रों की छपाई में गंभीर त्रुटि सामने आई। वार्ड संख्या 12 मेहंडी से कुल सात उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे, लेकिन तैयार किए गए मतपत्रों में केवल छह प्रत्याशियों के नाम दर्ज पाए गए। एक उम्मीदवार का नाम मतपत्र से गायब होने के कारण चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर प्रश्न खड़े हो गए।

**कांगड़ा पंचायत चुनावः मतगणना के लिए मतपेटियों को बीड़ लाया जाएगा**

# 286 पंचायतों में मतगणना पूरी, बड़ा भंगाल के परिणाम 31 मई को आएंगे

राहुल | कांगड़ा
समर न्यूज़



कांगड़ा जिले में पंचायती राज संस्थाओं के प्रथम चरण के चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गए। मंगलवार को जिले की कुल 287 पंचायतों में मतदान कराया गया था। इनमें से 286 पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान और वार्ड पंच पदों के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं, जबकि बड़ा भंगाल पंचायत के नतीजे 31 मई को जारी किए जाएंगे।

जिला निर्वाचन प्रशासन के अनुसार बड़ा भंगाल क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों के चलते वहां की मतपेटियों को बीड़ लाया जाएगा। इसके बाद निर्धारित तिथि पर मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। जिला उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि बाकी सभी पंचायतों में मतगणना का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान जिले के कुछ क्षेत्रों में मामूली आपत्तियां और विवाद सामने आए, लेकिन प्रशासन और पुलिस ने समय रहते स्थिति को नियंत्रित कर लिया। किसी भी स्थान पर कोई बड़ी अप्रिय घटना दर्ज नहीं हुई। प्रशासन ने पूरे जिले में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए थे।डीसी ने मतदान में भाग लेने वाले मतदाताओं, कर्मचारियों और सुरक्षा बलों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी दो चरणों के पंचायत चुनावों में भी अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।

# पंचायती राज चुनावः भाजपा की हुई ऐतिहासिक जीत और कांग्रेस को मिली करारी हार : जयराम

समर न्यूज़ | मंडी



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दावा किया है कि हिमाचल प्रदेश में आयोजित पंचायती राज चुनावों के प्रथम चरण में जनता ने कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों को नकारते हुए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में प्रचंड जनादेश दिया है।

एक प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश की करीब 75 प्रतिशत पंचायतों में भाजपा समर्थित प्रधान और उपप्रधान प्रत्याशियों ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है, जिससे साफ हो गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और राष्ट्रवाद की लहर चल रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सराज क्षेत्र में भाजपा ने 28 पंचायतों में से 25 पर जीत हासिल कर अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है, जबकि कांग्रेस को केवल दो पंचायतों में संतोष करना पड़ा। उन्होंने सराज की जनता का आभार जताते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित क्षेत्र को नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ मिलकर फिर से मजबूती से खड़ा किया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार ने झूठे वादों के सहारे सत्ता हासिल की, लेकिन सत्ता में आने के बाद विकास कार्यों पर पूर्ण विराम लगा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत चुनाव जानबूझकर समय पर नहीं करवाए गए, जिससे गांवों का विकास प्रभावित हुआ।

इसके साथ ही जयराम ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा कि विशेष गहन समीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस केवल वोट बैंक की राजनीति कर रही थी, लेकिन अब जनता उसके मंसूबों को समझ चुकी है।

# चुनाव नतीजों से भाजपा उत्साहित, पठानिया ने कांग्रेस सरकार को घेरा

राकेश | ऊना
समर न्यूज़

भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राजकुमार पठानिया ने पंचायती राज चुनावों के पहले चरण के परिणामों को भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में बताते हुए आगामी चरणों में भी बेहतर प्रदर्शन का दावा किया है। समर न्यूज़ हिमाचल से विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार की कार्यशैली से निराश है और अब बदलाव का मन बना चुकी है।

पठानिया ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार चुनावों के दौरान किए गए अपने वादों और गारंटियों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। जनता अब सरकार की कथनी और करनी के अंतर को समझ चुकी है।

# डॉ. राजीव बिंदल बोले- पंचायती राज चुनाव के प्रथम चरण में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की प्रचंड जीत

संजू | शिमला
समर न्यूज़



हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज चुनावों के प्रथम चरण के नतीजों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने दावा किया कि प्रदेश की अधिकांश पंचायतों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की है।

उन्होंने कहा कि यह परिणाम कांग्रेस सरकार की नीतियों के खिलाफ जनता के गहरे असंतोष को दर्शाता है।डॉ. बिंदल ने बताया कि 26 मई को प्रदेश की 1293 पंचायतों में मतदान प्रक्रिया पूरी हुई थी। देर रात तक सामने आए रुझानों और परिणामों के अनुसार लगभग 75 प्रतिशत पंचायतों में भाजपा समर्थित प्रधान और उपप्रधान उम्मीदवार विजयी रहे। उन्होंने इसे भाजपा की संगठनात्मक मजबूती और जनता के विश्वास का प्रमाण बताया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इन चुनावों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार के कामकाज से खुश नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले महिलाओं, युवाओं, किसानों और कर्मचारियों से बड़े वादे किए थे, लेकिन अब तक उन वादों को पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि जनता अब कांग्रेस के दावों और घोषणाओं से निराश हो चुकी है।डॉ. बिंदल ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक सहायता देने की योजनाएं धरातल पर नजर नहीं आ रही हैं, जबकि युवाओं को रोजगार देने के वादे भी अधूरे हैं।

किसानों और बागवानों को राहत देने के नाम पर केवल घोषणाएं की गईं, लेकिन वास्तविक लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पाया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है, जिससे आम जनता परेशान है।उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का युवा रोजगार के लिए संघर्ष कर रहा है और किसान अपनी उपज के उचित दाम पाने के लिए परेशान हैं। बिजली, पानी और अन्य आवश्यक सेवाओं की बढ़ती कीमतों ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार विकास कार्यों को गति देने में पूरी तरह विफल रही है और केवल राजनीतिक हित साधने में लगी हुई है।

डॉ. बिंदल ने दावा किया कि पंचायत चुनावों के दौरान गांव-गांव में कांग्रेस के खिलाफ भारी नाराजगी देखने को मिली। कई बड़े कांग्रेस नेताओं को अपने क्षेत्रों में हार का सामना करना पड़ा, जो जनता के बदलते मूड का संकेत है। लोगों ने कांग्रेस सरकार की नीतियों को पूरी तरह नकारते हुए भाजपा समर्थित उम्मीदवारों पर भरोसा जताया है। भारतीय जनता पार्टी हमेशा गांव, गरीब के विकास को प्राथमिकता देती रही है।

**खतरा** | **हिमाचल में घेपन झील से बढ़ा खतरा, नीचे बसे 34 गांवों और बस्तियों में हो सकता है भारी नुकसान**

# ग्लेशियर पिघलने से 176% बढ़ा झील का आकार, फटी तो मचेगी तबाही

समर न्यूज़ | शिमला/लाहौल-स्पीति



हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले में स्थित घेपन ग्लेशियर झील अब प्रशासन और वैज्ञानिकों के लिए बड़ी चिंता बनती जा रही है। लगातार पिघलते ग्लेशियरों के कारण झील का आकार तेजी से बढ़ा है और विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि यह झील फटती है तो नीचे बसे 34 गांवों और बस्तियों में भारी तबाही आ सकती है।

राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग सेंटर (एनआरएससी) और हिमाचल काउंसिल फॉर साइंस, टेक्नोलॉजी एंड एनवायरमेंट की रिपोर्टों में इसे गंभीर खतरे वाली झीलों में शामिल किया गया है। पिछले करीब 33 वर्षों में घेपन झील का क्षेत्रफल लगभग 176 प्रतिशत तक बढ़ चुका है। पहले यह झील करीब 36.5 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली थी, जो अब 100 हेक्टेयर से अधिक हो गई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन, कम बर्फबारी और बढ़ते तापमान के कारण ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे झील में पानी का दबाव लगातार बढ़ रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि झील का प्राकृतिक बांध टूटा तो ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड की स्थिति बन सकती है। इससे सिस्सू नाला और चंद्रा नदी के किनारे बसे गांवों, सड़कों, पुलों और बिजली परियोजनाओं को भारी नुकसान हो सकता है। कई संवेदनशील इलाकों को चिन्हित किया गया है।

**▪ प्रशासन ने शुरू की निगरानी, लगेगा अर्ली वार्निंग सिस्टम**

लाहौल-स्पीति प्रशासन ने झील की सैटेलाइट मॉनिटरिंग तेज कर दी है। अधिकारियों के अनुसार केंद्र और राज्य एजेंसियों की मदद से अर्ली वार्निंग सिस्टम लगाने की प्रक्रिया चल रही है। ग्लेशियर झील के अचानक टूटने से आने वाली बाढ़ को ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड कहा जाता है। इसमें लाखों क्यूबिक मीटर पानी कुछ ही मिनटों में नीचे की ओर बह सकता है, जिससे फ्लैश फ्लड और भारी तबाही होती है। हिमालयी क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन के कारण ऐसे खतरे बढ़ रहे हैं।

**▪ विशेषज्ञों ने जताई चिंता**

वैज्ञानिकों का कहना है कि हिमालयी राज्यों में ग्लेशियर झीलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। एनडीएमए के अनुसार हिमाचल प्रदेश देश के सबसे अधिक जोखिम वाले राज्यों में शामिल है, जहां कई झीलों को हाई रिस्क श्रेणी में रखा गया है। हालांकि प्रशासन का दावा है कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन मानसून और तापमान बढ़ने के साथ खतरा और गंभीर हो सकता है।

# आचार संहिता में कैबिनेट बैठक पर सियासत गरमाई, राज्यपाल कविंद्र ने दिए जांच के संकेत

अरविंद | हमीरपुर
समर न्यूज़




प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बीच सरकार द्वारा आयोजित मंत्रिमंडल बैठक को लेकर राजनीतिक विवाद गहरा गया है। इस मुद्दे पर प्रदेश भाजपा ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

बुधवार को धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा कि चुनावी माहौल में राजनीतिक दल इस तरह की शिकायतें करते रहते हैं, लेकिन मामले को गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह को पत्र भेजा गया है और यदि किसी प्रकार का उल्लंघन सामने आता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। राज्यपाल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में आचार संहिता का पालन बेहद आवश्यक है और सभी दलों को इसकी मर्यादा बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने संकेत दिए कि शिकायत की पूरी जानकारी मिलने के बाद उचित निर्णय लिया जाएगा।इस दौरान राज्यपाल ने प्रदेश में बढ़ते नशे के खतरे पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए सरकार, सामाजिक संगठनों और परिवारों को मिलकर अभियान चलाना होगा। उनके अनुसार नशा समाज और भविष्य दोनों को प्रभावित कर रहा है, इसलिए जागरूकता और सामूहिक प्रयास जरूरी हैं।धर्मशाला में आयोजित आईपीएल क्वालीफायर मैच पर उन्होंने कहा कि ऐसे बड़े खेल आयोजन पर्यटन को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने माना कि धर्मशाला का क्रिकेट स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की पहचान मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

# कैंसर से जूझते हलका डेराबस्सी के लोगों की सांसें भी छीन रही उड़ती धूल मिटी

## जीते जी नर्क भोग रहे लालड़ू के गांव हंडेसरा वासी, सांस लेने के लिए साफ हवा को तरसे लोग, प्रशासन सोया कुंभकर्णी नींद

गुरमीत सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज़

हंडेसरा चौक और उसके आसपास के इलाकों में अवैध खनन और अतिक्रमित भारी वाहनों से उड़ती धूल ने स्थानीय लोगों की जिंदगी नरक में बदल कर रख दी है। सांस लेने के लिए साफ हवा भी नसीब नहीं हो रहीं। प्रशासन सहित उच्च अधिकारियों को सैकड़ों शिकायते करने पर कोई सुनवाई नहीं कर रहा।

लालड़ू के गांव हंडेसरा के रहने वाले 82 वर्षीय बुजुर्ग सरदारा सिंह ने रोष जाहिर करते कहा कि हंडेसरा क्षेत्र नाजायज माइनिंग का गढ़ बना हुआ है। रेत मिट्टी के काम में लगी डंपर और ओवरलोडेड टिप्पर, ट्रैक्टर ट्रालियां 24 घंटे सड़कों पर दौड़ती धूल मिट्टी उड़ा रही है। उन्होंने बताया कि 26 सालों से यह समस्या बनी हुई है और वह शिकायते कर रहे है। ऐसे माहौल में सांस लेने के लिए साफ हवा भी एक सपना बन के रह गया है।




लालड़ू के गांव हंडेसरा की दुर्दशा की कहानी बयां करती ये तस्वीर, जब ओवरलोड वाहन सड़क से गुजरता है तो कैसे धूल मिट्टी उड़ती है। (दाएं) 82 वर्षीय सरदारा सिंह की तस्वीर जो 26 सालों से आवाज उठा रहे हैं। - समर न्यूज़

स्थानीय निवासी सरदारा सिंह का कहना है कि प्रशासन, ट्रैफिक पुलिस और संबंधित विभाग इस मामले में आंखें मूंदकर बैठे हैं। हंडेसरा चौक के पास ही हंडेसरा पुलिस थाना होने के बावजूद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। कई बार शिकायतें मुख्यमंत्री तक भेजी जा चुकी हैं, पर कोई सुनवाई नहीं हुई। बच्चे घरों के बाहर खेल भी नहीं सकते। सारा क्षेत्र सांस लेने के लिए साफ हवा को तरस रहा हैं। एक महिलाओं ने आंसू भरे स्वर में कहा कि घर में खाना बनाने और खाने के लिए साफ सुथरा वातावरण नहीं रहा। अगर स्वास्थ्य ही स्वच्छ नहीं रहा तो ऐसी जिंदगी का क्या फायदा।

व्यापार और रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित है। घरों में धूल जमी रहती है, कपड़े, बर्तन सब पर मिट्टी की परत जमी हुई मिलती है।

**लोग उठा रहे सवाल**

लोग अब इस स्थिति से काफी परेशान हो गए हैं। उन्होंने सवाल उठाया है कि कब तक हमारी सेहत से खिलवाड़ होता रहेगा। कितने और बीमार हो जाने के बाद प्रशासन सक्रिय होगा? अगर तुरंत कड़े कदम नहीं उठाए गए, जैसे अवैध खनन रोकना, भारी वाहनों की गति और ओवरलोडिंग पर पाबंदी, और नियमित पानी छिड़काव या पेड़ लगाने जैसे नियंत्रणात्मक उपाय, तो इलाके का स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचा और बर्बाद होगा।

सरदार सिंह और अन्य निवासियों ने एक बार फिर से मुख्यमंत्री और संबंधित अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे जल्द से जल्द हंडेसरा चौक का निरीक्षण करें और समस्या से निजात दिलाए। यहां ढेरों परिवारों की जिंदगी दांव पर लगी है।

# विधायक रंधावा ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा के तहत रवाना की दो बसें

## परागपुर और इब्राहिमपुर से 47वीं और 48वीं बसें अमृतसर के लिए भेजीं



गुरमीत सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज़

डेराबस्सी हलके के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्रद्धालुओं के लिए 47वीं और 48वीं बस को रवाना किया गया। ये बसें परागपुर और इब्राहिमपुर से श्रद्धालुओं को श्री दरबार साहिब समेत अन्य प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाने के लिए लेकर गई हैं। तीन दिनों की इस यात्रा के दौरान संगतें श्री दरबार साहिब, दुर्गियाना मंदिर, वाल्मीकि तीर्थ स्थल, जलियांवाला बाग और अटारी सीमा का दौरा करेंगी। यह यात्रा और रहने-सहने की व्यवस्था पंजाब सरकार द्वारा अपने प्रबंधों के तहत करवाई जाएगी और किसी भी श्रद्धालु को कोई खर्च नहीं देना पड़ेगा।

इस मौके पर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि पंजाब सरकार लोगों को धार्मिक स्थलों के दर्शन सुविधाजनक ढंग से करवाने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ स्थान यात्रा योजना के तहत बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। रवानगी के समय श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल देखने को मिला। उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और विधायक कुलजीत सिंह रंधावा का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस योजना से उन्हें धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का सुनहरा अवसर मिला है। विधायक ने श्रद्धालुओं को सुखमय और सुरक्षित यात्रा के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दीं।

# मोरनी के जंगलों में लगी भीषण आग, टीमें अलर्ट

समर न्यूज़ | पंचकूला

हरियाणा के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मोरनी हिल्स के जंगलों में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और जंगल का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आ गया। पहाड़ियों से उठती आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई दिया, जिससे आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल बन गया।



जानकारी के अनुसार आग मोरनी की पहाड़ियों के घने जंगलों में लगी, जिसने तेज हवाओं के चलते तेजी से फैलना शुरू कर दिया। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते कई एकड़ वन क्षेत्र जलकर राख हो गया। जंगल में मौजूद सूखी घास और पेड़ों के कारण आग लगातार फैलती चली गई। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक आग पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। दमकल विभाग की टीमों को भी अलर्ट पर रखा गया है। अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# एंट्री गेट के लैंटर में फंसी भारी-भरकम लोहे की प्लेटें कभी भी बन सकती हैं हादसे का कारण

## डेराबस्सी प्रशासन और ठेकेदार की लापरवाही किसी की जान पर पड़ सकती है भारी, हटाने की मांग

गुरमीत सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज़

डेराबस्सी बस स्टैंड पर बन रहे एंट्री गेट के लैंटर में कई भारी-भरकम लोहे की प्लेटें फंसी हुई हैं, जो किसी भी समय गिरकर बड़ा हादसा पैदा कर सकती हैं। यह लैंटर कई दिन पहले खोला जा चुका है, लेकिन ठेकेदार द्वारा पूरी प्लेटों को सुरक्षित तरीके से हटाया नहीं गया।

स्थानीय बसपा नेता चरणजीत सिंह देवीनगर ने बताया कि प्रशासन और ठेकेदार की लापरवाही आम लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि प्लेटें सारा दिन लोगों के ऊपर लटकी रहती हैं क्योंकि बस स्टैंड के नीचे और आसपास से पैदल यात्री नियमित रूप से गुजरते हैं। चरणजीत ने आगाह किया कि यदि ये भारी प्लेटें अचानक किसी के ऊपर गिरती हैं तो गंभीर चोटें या जान नहीं बच पाएगी। उन्होंने तुरंत स्थल पर जाकर त्रुटि दूर करने और प्लेटों को सुरक्षित जगह पर हटवाने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने भी चिंता जताते हुए कहा कि समय रहते ठोस कदम न उठाए जाने पर किसी अंजान दुर्भाग्य की घटना हो सकती है। नागरिकों ने प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर स्थल को अवरोधित करने तथा लैंटर और प्लेटों को सुरक्षित तरीके से हटवाने की अपील की है, ताकि किसी भी प्रकार के हादसे से बचा जा सके।




एंट्री गेट में फंसी भारी भरकम लोहे की प्लेटें। (दाएं) बसपा नेता चरणजीत सिंह एंट्री गेट में फंसी प्लेटें दिखाते हुए।- समर न्यूज़

# मोहाली में सेवा केंद्र कर्मियों की हड़ताल

समर न्यूज़ | मोहाली

पंजाब के मोहाली में सेवा केंद्र कर्मचारियों ने वेतन भुगतान में देरी के विरोध में कामकाज ठप कर दिया और जिला उपायुक्त (डीसी) कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले कई महीनों से समय पर वेतन नहीं मिल रहा, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। विरोध में बड़ी संख्या में कर्मचारी एकत्र हुए और सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

धरने पर बैठे कर्मचारियों ने कहा कि वे लगातार जनता की सेवाओं में लगे रहते हैं, लेकिन उनकी अपनी बुनियादी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। कई कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। सेवा केंद्रों में हड़ताल के कारण कई सरकारी सेवाएं प्रभावित हुईं। आम लोगों को प्रमाणपत्र, रजिस्ट्रेशन और अन्य दस्तावेजों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सेवा केंद्र कर्मचारी यूनियन ने कहा कि हम महीनों से वेतन का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन सिर्फ आश्वासन दे रहा है। अब मजबूरी में धरना देना पड़ा। वहीं एक स्थानीय नागरिक राकेश शर्मा ने कहा कि सेवा केंद्र बंद होने से आम लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है और सरकार को जल्द समाधान निकालना चाहिए। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वेतन संबंधी मुद्दा वित्तीय प्रक्रिया में देरी के कारण अटका हुआ है।

# पंचकूला सेक्टर-6 सरकारी अस्पताल में सर्वर ठप, घंटों लाइन में खड़े मरीज होते रहे परेशान

करुणा मित्तल | पंचकूला
समर न्यूज़

पंचकूला के सेक्टर-6 स्थित सरकारी अस्पताल में बुधवार सुबह तकनीकी खराबी के कारण सर्वर डाउन होने से मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह से इलाज करवाने पहुंचे सैकड़ों लोग लंबी कतारों में खड़े रहे, लेकिन सर्वर बंद होने के कारण अस्पताल की अधिकांश सेवाएं प्रभावित रहीं।




जानकारी के अनुसार सुबह करीब 7 बजे से ही अस्पताल में मरीजों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। इसी दौरान तकनीकी खराबी आने से अस्पताल का सर्वर अचानक बंद हो गया, जिसके चलते मरीजों के रजिस्ट्रेशन, ओपीडी पर्ची, कार्ड बनाने और अन्य ऑनलाइन प्रक्रियाओं का काम पूरी तरह ठप हो गया। सर्वर करीब दो घंटे तक बंद रहा, जिससे अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी जैसी स्थिति बन गई। भीषण गर्मी के बीच मरीजों और बुजुर्गों को लंबी लाइनों में घंटों इंतजार करना पड़ा। कई लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि वे सुबह जल्दी घर से अस्पताल पहुंचे थे ताकि समय पर इलाज मिल सके, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण उन्हें तीन से चार घंटे तक इंतजार करना पड़ा। लोगों का कहना था कि अस्पताल में वैकल्पिक व्यवस्था न होने से उनकी परेशानी और बढ़ गई।

# पंचकूला में अपराध पर सख्ती, नई रणनीति के साथ एक्शन मोड में पुलिस

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़

पंचकुला में लगातार बदलते अपराध के तौर-तरीकों, साइबर ठगी, नशा तस्करी और ट्रैफिक चुनौतियों के बीच पुलिस ने अपराध नियंत्रण को लेकर अपनी रणनीति और तेज कर दी है। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक ने स्पष्ट किया कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य शहर में कानून व्यवस्था को मजबूत करना, आमजन में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाना और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करना है।

डीसीपी ने बताया कि पूर्व डीजीपी ओपी सिंह के नेतृत्व में शुरू किए गए ऑपरेशन हॉटस्पॉट और ऑपरेशन टेकडाउन को अब और अधिक प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है। संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ाई गई है।

# ऊर्जा मंत्री का बिजली विभाग के कॉल सेंटर पर औचक निरीक्षण

## मंत्री अनिल विज ने शहर में 2 घंटे और गांव में 4 घंटे में शिकायत का समाधान करने के दिए निर्देश

करुणा मित्तल | पंचकूला
समर न्यूज़

हरियाणा के परिवहन, श्रम एवं ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बुधवार को पंचकूला के सेक्टर-20 स्थित बिजली विभाग के शिकायत कॉल सेंटर का औचक निरीक्षण कर बिजली व्यवस्था और शिकायत निवारण प्रणाली का जायजा लिया। इस दौरान मंत्री ने कॉल सेंटर में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से कार्यप्रणाली की जानकारी ली तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान की स्थिति की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री ने खुद कॉल सेंटर में बैठकर कई उपभोक्ताओं को फोन किए और उनसे बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं, शिकायतों के समाधान और विभाग की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। बातचीत के दौरान कुछ उपभोक्ताओं ने बिजली कटौती, लो वोल्टेज और शिकायतों के समाधान में देरी जैसी समस्याएं मंत्री के सामने रखीं। मंत्री ने बताया कि बातचीत में सबसे अधिक शिकायतें रोहतक क्षेत्र से सामने आईं, जबकि पंचकूला में अधिकांश शिकायतों का समाधान पहले ही किया जा चुका था। उन्होंने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर संतोष जताते हुए कहा कि पंचकूला में शिकायतों के निपटारे की स्थिति बेहतर पाई गई है।



ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शहरों में बिजली से जुड़ी किसी भी शिकायत का समाधान अधिकतम 2 घंटे के भीतर सुनिश्चित किया जाए, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाली शिकायतों का निपटारा 4 घंटे के अंदर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आमजन को बिजली सेवाओं में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और शिकायतों के समाधान में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयासरत है। शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि हर शिकायत पर तुरंत कार्रवाई हो।

**खेल** प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने जताई खुशी, बोले- अंतरराष्ट्रीय खेल केंद्र के रूप में उभर रहा चंडीगढ़

# चंडीगढ़ को एशियन रिले चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी का अधिकार मिला

शगुन कश्यप | चंडीगढ़
समर न्यूज़

शहर के खेल इतिहास में एक बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। एशियन एथलेटिक्स एसोसिएशन ने चंडीगढ़ को प्रतिष्ठित एशियन रिले चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी का अधिकार प्रदान किया है। मई 2027 में आयोजित होने वाली इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में एशिया के कई प्रमुख देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस आयोजन से चंडीगढ़ को अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर नई पहचान मिलने की उम्मीद है।

वर्ष 1989 में आयोजित एशियन रोइंग चैंपियनशिप के बाद यह पहला मौका होगा जब चंडीगढ़ किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन की मेज़बानी करेगा। तीन दशक से अधिक समय बाद शहर को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना खेल क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

इस संबंध में फैसला हांगकांग में आयोजित एशियन एथलेटिक्स एसोसिएशन की काउंसिल बैठक में लिया गया। यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के निर्देशों पर चंडीगढ़ की ओर से गृह सचिव मंदीप सिंह बराड़ और एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के डायरेक्टर कॉम्पिटिशंस रविंदर चौधरी ने प्रस्तुति दी।

प्रस्तुति के दौरान चंडीगढ़ के विश्वस्तरीय खेल ढांचे, बेहतर कनेक्टिविटी, सुनियोजित शहरी विकास, हरित वातावरण और आतिथ्य सत्कार को प्रमुखता से रखा गया। साथ ही शहर को खेल उत्कृष्टता का केंद्र बनाने की प्रशासन की प्रतिबद्धता भी दर्शाई गई। इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि चंडीगढ़ को एशियन रिले चैंपियनशिप 2027 की मेज़बानी मिलना पूरे शहर के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि सिटी ब्यूटीफुल एशिया भर से आने वाले खिलाड़ियों और मेहमानों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चंडीगढ़ प्रशासन खेल अवसंरचना को मजबूत करने और युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।



एशियन एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जनरल दहलान जुमा अल-हमद ने भी चंडीगढ़ को मेज़बानी मिलने पर बधाई दी। इस दौरान गृह सचिव ने चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से उन्हें प्रतीकात्मक 'ओपन हैंड' स्मृति चिह्न भेंट किया।

चंडीगढ़ प्रशासन के खेल विभाग द्वारा शहर में खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का यह बड़ा परिणाम माना जा रहा है। प्रशासन का मानना है कि इस आयोजन से खेल सुविधाओं का और विकास होगा तथा भविष्य में चंडीगढ़ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के लिए पसंदीदा केंद्र के रूप में उभरेगा।

# पंचकूला के डिमोका क्लब विवाद में पुलिस की सख्त कार्रवाई : दोनों पक्षों के 7 आरोपी गिरफ्तार

करुणा मित्तल | पंचकूला
समर न्यूज़

पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित डिमोका क्लब में 24/25 मई की रात हुई कहासुनी और उसके बाद वाहनों में तोड़फोड़ के मामले में पंचकूला पुलिस की सैक्टर-5 थाना टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसीपी विक्रम नेहरा के अनुसार 25 मई को सेक्टर-5 थाना में एक शिकायत प्राप्त हुई थीं। जिसमें शिकायतकर्ता नारायण दत्त उर्फ नितीन अपने साथियों के साथ 24/25 मई की रात को सेक्टर-5 स्थित डिमोका क्लब पहुंचे थे। क्लब में भीड़ अधिक होने के कारण उन्हें एंट्री नहीं दी गई, जिसके बाद वहां मौजूद बाउंसरों और युवकों के बीच कहासुनी व गाली-गलौज शुरू हो गई। बाद में दोनों पक्षों ने गाड़ियों व क्लब परिसर में तोड़फोड़ कर दी।



जांच में पाया गया कि क्लब के बाउंसरों द्वारा 2 गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई, जबकि दूसरे पक्ष ने भी गुस्से में क्लब परिसर में नुकसान पहुंचाया। सैक्टर-5 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रुपेश चौधरी की ओर से दोनों पक्षों को थाना में बुलाया गया व मामले की गंभीरता को देखते हुए भविष्य में कानून व्यवस्था बिगड़ने की आशंका के मद्देनजर दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की। मामलें की जांच सब इंस्पेक्टर यशपाल सिंह द्वारा की जा रही है। मामले में पहले पक्ष के जिन चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया उनमें मनीष उर्फ मनी निवासी पिंजौर जिला पंचकूला, सुखविंद्र सिंह उर्फ सुखी निवासी जिला पंचकूला, नारायण दत्त उर्फ नितीन निवासी, पिंजौर जिला पंचकूला तथा गौरव पुत्र कृष्ण निवासी पिंजौर, जिला पंचकूला शामिल हैं।

दूसरे पक्ष से गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दौलत निवासी जिला मोहाली, ध्रुव निवासी जिला मोहाली और सिकंदर उर्फ मैंगी निवासी जिला मोहाली, पंजाब शामिल हैं। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने मामले को लेकर कड़ा संदेश देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कानून व्यवस्था भंग करना, हुड़दंग मचाना और संपत्ति को नुकसान पहुंचाना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। युवाओं को कानून अपने हाथ में लेने की बजाय संयम और जिम्मेदारी का परिचय देना चाहिए।

# रेलवे की तीन तस्वीरें: जम्मू में आइसक्रीम, अंबाला में गर्म खाना, फिरोजपुर में लापरवाही का गर्म पानी व ठंडा खाना

सुनील शिंगार | लुधियाना
समर न्यूज

उत्तर भारत इन दोनों गर्मियों से तड़प रहा है। इस तड़प के बीच नॉर्थन रेलवे के तीन मंडल की अलग-अलग तस्वीर आज आपको दिखाते हैं। तीनों ही तस्वीरें आपको हैरान कर देगी। पहली तस्वीर जम्मू डिवीजन की है जहां पर गर्मी से राहत दिलवाने के लिए प्लेटफार्म पर यात्रियों के लिए ठंडी आइसक्रीम का रेल अधिकारियों की तरफ से प्रबंध किया गया है। यह सुविधा यात्रियों को सुकून दिलवाने वाली है।

दूसरी तस्वीर अंबाला मंडल की है जहां पर प्लेटफॉर्म पर यात्रियों को गर्म खाना परोसने की हर सुविधा उपलब्ध है। यह तस्वीर भी यात्रियों के लिए राहत भरी है। अब तीसरी और सबसे महत्व पूर्ण तस्वीर जो कि फिरोजपुर मंडल की है। फिरोजपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को 12 महीने गर्म नहीं, ठंडा खाना परोसा जाता है।

यही नहीं यहां पर 42 डिग्री तापमान की गर्मियों में भी यात्रियों को टूटियों में गर्म पानी पीने को मिलता। यह तस्वीर चाहे आपको परेशान करे लेकिन सच है! परेशान करने वाले इस सच का कई सालों से फिरोजपुर मंडल में यात्री सामना कर रहे हैं लेकिन आज तक मंडल के अधिकारियों ने इस समस्या का समाधान निकालने की कोशिश तक नहीं है। सवाल यह है कि नॉर्दर्न रेलवे के केवल फिरोजपुर मंडल में यात्रियों से भेदभाव क्यूं ?


जम्मू रेलवे स्टेशन पर आइस क्रीम का लुत्फ उठाता बच्चा।


लुधियाना रेलवे स्टेशन पर बंद वाटर कूलर से पानी लेता यात्री।


शाम 6 बजे अंबाला रेलवे स्टेशन पर आग पर खाना बनाते वेंडर।

### ▪ सिलेंडर से आग लगने का है डर

फिरोजपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म पर खाना परोसने वाले रेलवे द्वारा अधिकृत वेंडर को सिलेंडर जलाने की अनुमति नहीं है। कारण है कि कई साल पहले एक प्लेटफार्म पर सिलेंडर फटने के कारण ब्लास्ट हुआ था। उसके बाद से ही फिरोजपुर मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म पर खाना गर्म करने के लिए किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ लेकर जाने पर बैन लगा दिया गया। इस बात को लगभग 10 साल से भी ज्यादा बीत चुके हैं लेकिन अभी तक रेलवे के इन अधिकारियों के मन से डर नहीं निकला।

### ▪ वेंडर भी कई बार लगा चुके गुहार

मंडल के रेलवे स्टेशनो के वेंडरों का मानना है कि वह भी मंडल अधिकारी से कई बार गुहार लगा चुके हैं कि उनको प्लेटफार्म पर खाना गर्म करने या फिर ताजा खाना बनाने के लिए गैस सिलेंडर या फिर कोयल जलाने की अनुमति दी जाए। उन्होंने बताया कि उनकी इस गुहार को कोई भी अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। इसकी एवज में गर्मियों में बना हुआ खाना तपिश के कारण खराब हो जाता है जो फेंकना पड़ता है। वहीं सर्दियों में ठंडे चने, सब्जी खाना यात्रियों के लिए मुश्किल है तो भटूरे रबड़ बन जाते हैं जिसके चलते कई बार यात्रियों की फटकार का भी सामना करना पड़ता है।

### ▪ मौजूदा समय में ऐसे गुजारा कर रहे वेंडर

फिरोजपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों पर मौजूदा समय में हालात ऐसे हैं कि वेंडर रेलवे स्टेशन के बाहर ढाबे से या फिर अपने घर से ही गर्म खाना बनाकर स्टेशन पर लाते हैं। दर्जनों की गिनती में पुरिया, भटूरे तैयार कर लिफाफे में भर लेते हैं। चने या फिर अन्य सब्जी को एक बर्तन में भरकर प्लेटफार्म पर ले आते हैं। समय रहते ही यह सब बिक गया तो ठीक। अगर खाना ठंडा हो गया तो वेंडरों को सर्दियों में यात्रियों के गुस्से का सामना करना पड़ता है तो गर्मियों में सब्जी खराब हो जाती है जिसको बाद में फेंकना पड़ता है।

### ▪ यात्रियों की सुविधा ही पहल



*इन दिनों जम्मू में काफी गर्मी पड़ रही है। जून महीने से जम्मू रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए अच्छी क्वालिटी की आइसक्रीम का स्टॉल शुरू करवाया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए हर उचित कदम उठाए जा रहा है। धीरे-धीरे मंडल के अन्य स्टेशनों पर भी गर्मियों में आइसक्रीम स्टाल लगाए जाएंगे।*
**-उचित सिंघल**, *सीनियर डीसीएम, जम्मू मंडल*

### ▪ ज्वलनशील पदार्थ की अनुमति नहीं तो कूलर की जांच होगी



*सुरक्षा के पहलू से देखे तो रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर ज्वलनशील पदार्थ की अनुमति नहीं है। वेंडर प्लेटफार्म पर इंडक्शन ( बिलजी वाला चूल्हा) का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर किसी स्टेशन पर वाटर कूलर नहीं चल रहा तो जांच करवाई जाएगी। यात्रियों की सुविधा के लिए हमेशा ही तात्पर्य है।*
**-संजीव कुमार**, *डीआरएम, फिरोजपुर मंडल*

बीएंडआर-ओएंडएम सेल में तालमेल की कमी

# अधर में नूरवाला रोड, डेढ़ माह से लोगों को हो रही है परेशानी



लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

नूरवाला रोड पर सीवरेज और नहरी पानी की पाइपलाइन बिछाने का काम पिछले करीब डेढ़ महीने से जारी है, लेकिन काम लगभग पूरा होने के बावजूद सड़क निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। विभागों के बीच समन्वय की कमी का खामियाजा स्थानीय दुकानदारों, वाहन चालकों और आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

करीब एक से डेढ़ किलोमीटर हिस्से में पाइपलाइन डालने का कार्य पूरा हो चुका है, फिर भी सड़क की मरम्मत न होने से पूरे इलाके में धूल-मिट्टी का गुबार उड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होने से कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। खाने-पीने और कपड़ों की दुकानों पर पहले जैसी रौनक नहीं रही। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क की खराब हालत के कारण ऑटो चालक भी इस मार्ग से गुजरने से बच रहे हैं।

वहीं स्कूल बसों के संचालन में भी दिक्कतें आ रही हैं, जिससे बच्चों और अभिभावकों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में हालात और भी मुश्किल हो गए हैं। भाजपा नेता अमन अरोड़ा ने बताया कि अप्रैल महीने में शुरू हुए इस प्रोजेक्ट की रफ्तार काफी धीमी रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि लापरवाही के चलते सड़क पर हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद काम में अपेक्षित तेजी नहीं लाई गई। उन्होंने मांग की कि जहां पाइपलाइन डालने का काम पूरा हो चुका है, वहां तत्काल सड़क निर्माण शुरू किया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

उधर ओएंडएम सेल के एक्सईएन कमल राम ने बताया कि विभाग का अधिकांश काम पूरा हो चुका है। कुछ स्थानों पर सीवरेज होदियों पर लोहे की शीट लगाई जानी बाकी है, जिसे अगले एक-दो दिनों में पूरा कर दिया जाएगा। इसके बाद बीएंडआर विभाग सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर सकता है। उन्होंने कहा कि जल्द ही संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी। वहीं बीएंडआर के एसडीओ अमनदीप सिंह का कहना है कि कुछ हिस्सों में अभी भी कार्य अधूरा है। विभाग को पूरी साइट हैंडओवर होने के बाद ही सड़क निर्माण शुरू किया जाएगा। स्थानीय लोगों और व्यापारियों की मांग है कि दोनों विभाग आपसी समन्वय बनाकर जल्द से जल्द सड़क निर्माण शुरू करें, ताकि चली आ रही परेशानी का समाधान हो सके।

# नव नियुक्त चीफ कमिश्नर सुकेश कुमार जैन का इंडियन टैक्सेशन एडवोकेट्स एसो. की ओर से किया गया स्वागत

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज


चीफ कमिश्नर सुकेश कुमार जैन को गुलदस्ता भेंट करते इंडियन टैक्सेशन एडवोकेट्स एसोसिएशन के पदाधिकारी।

इंडियन टैक्सेशन एडवोकेट्स एसोसिएशन के कार्यकारणी टीम ने नव नियुक्त इनकम टैक्स विभाग के चीफ कमिश्नर श्री सुकेश कुमार जैन का आयकर भवन, ऋषि नगर में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट जतिंदर खुराना की अगुवाई में कार्यकारिणी सदस्यों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। बैठक के दौरान करदाताओं एवं टैक्स प्रोफेशनल से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने इनकम टैक्स विभाग एवं टैक्सेशन एसोसिएशन के बीच बेहतर समन्वय, पारदर्शिता तथा करदाताओं को सुगम सेवाएं उपलब्ध करवाने पर बल दिया। वहीं विभाग के चीफ कमिश्नर श्री सुकेश कुमार जैन ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि विभाग करदाताओं की समस्याओं के समाधान एवं टैक्स प्रोफेशनल्स के सहयोग के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा। एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट जतिंदर खुराना ने कहा कि विभाग एवं टैक्स प्रोफेशनल्स के बीच सकारात्मक संवाद से टैक्स प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने नव नियुक्त मुख्य आयकर आयुक्त का स्वागत करते हुए भविष्य में बेहतर सहयोग की आशा व्यक्त की। एसोसिएशन की कार्यकारिणी टीम के एडवोकेट दीपक चोपड़ा, एडवोकेट सीपी भारद्वाज, एडवोकेट अनिल अरोड़ा, एडवोकेट मोहन लाल मैनी, एडवोकेट संजीव गर्ग, एडवोकेट कर्म सिंह, एडवोकेट गौरव सोनी सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

लुधियाना में निहंगों ने छुड़वाया कथित बंधक मजदूर

# 18-20 घंटे काम लेने और 200 दिहाड़ी देने का आरोप, घर जाने पर पत्नी को तलाक का दबाव

समर न्यूज़ | लुधियाना



पंजाब के लुधियाना में एक खेत मालिक के यहां कथित रूप से बंधक बनाकर रखे गए मजदूर को निहंग सिंहों ने छुड़वाया। पीड़ित मजदूर ने आरोप लगाया कि उससे रोजाना 18 से 20 घंटे तक काम कराया जाता था, लेकिन बदले में केवल 200 रुपये दिहाड़ी दी जाती थी। इतना ही नहीं, जब उसने अपने घर जाने की इच्छा जताई तो उसे पत्नी को तलाक देने तक की बात कही गई।

जानकारी के अनुसार मामला सामने आने के बाद कुछ निहंग सिंह मौके पर पहुंचे और मजदूर को खेत से बाहर निकाला। इसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। पीड़ित ने बताया कि उसे लंबे समय से खेत में रोका गया था और बाहर आने-जाने की पूरी आजादी नहीं थी। मजदूर का आरोप है कि मालिक और उसके सहयोगी लगातार मानसिक दबाव बनाते थे।

**▪ मजदूरों के शोषण पर फिर उठे सवाल...**

*इस घटना के बाद पंजाब में प्रवासी और गरीब मजदूरों की स्थिति को लेकर बहस तेज हो गई है। सामाजिक संगठनों का कहना है कि खेतों और ईंट-भट्ठों पर कम मजदूरी और जबरन काम कराने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पीड़ित के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।*

# 3 दुकानों के एसी और मीटर की तारें काट ले गए चोर

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना के तिलक नगर इलाके में चोरों ने हौजरी मार्केट को निशाना बनाते हुए तीन दुकानों के बाहर लगे एसी और बिजली मीटरों की कॉपर वायर चोरी कर ली। घटना बुधवार सुबह करीब 5:40 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार हरी ओम निटवेयर होजरी के बाहर लगे एसी और बिजली मीटर की तारें चोर काटकर ले गया। सुबह जब दुकानदार सौरव सरीन दुकान पर पहुंचे तो बिजली बंद मिली।

जांच करने पर पता चला कि एसी और मीटर की कॉपर वायर गायब है। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज में चोर दुकानों के बाहर लगे एसी और मीटरों की तारें काटकर ले जाता दिखाई दे रहा है। दुकानदारों का कहना है कि इलाके में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में डर का माहौल बना हुआ है। सौरव सरीन ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी कई बार चोरियां हो चुकी हैं। एसी की पाइप कटने से गैस भी निकल गई, जिससे अतिरिक्त नुकसान हुआ। कारोबारियों ने पंजाब से इलाके में पीसीआर गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की है।

12 जून को संकल्प द्वारा आयोजित कार्यक्रम

# गवर्नर गुलाब चंद कटारिया को मुख्य निमंत्रण दिया गया


गवर्नर कटारिया को गुलदस्ता भेंट करते संकल्प संस्था के नरिंदर मित्तल व अन्य।

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज

सामाजिक संस्था संकल्प के अध्यक्ष नरेन्द्र मित्तल ने आज चंडीगढ़ में पंजाब के राज्यपाल महामहिम गुलाब चंद कटारिया से श्री हरीश सग्गड़ एवं राजेश नौहरिया के साथ शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल महोदय को संस्था द्वारा 22 जून को आयोजित किए जा रहे विशेष सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु औपचारिक निमंत्रण दिया।

भेंट के दौरान नरेन्द्र मित्तल ने राज्यपाल को संस्था की सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि संकल्प लंबे समय से युवाओं को शिक्षा और प्रेरणा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज में प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ने के लिए सम्मान और प्रेरणा प्रदान करना है।

नरेन्द्र मित्तल ने बताया कि 22 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पंजाब से भारतीय सिविल सेवा के लिए चयनित विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियां, शिक्षाविद् एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्यपाल की गरिमामयी उपस्थिति से विद्यार्थियों को नई प्रेरणा मिलेगी तथा उनका उत्साह और बढ़ेगा।

# 30 सेकंड में बाइक उड़ाई, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात; थाना डिवीजन-3 में शिकायत दर्ज

समर न्यूज़ | लुधियाना

शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। आए दिन किसी न किसी इलाके से चोरी की वारदात सामने आ रही है, जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। ताजा मामला New Shivaji Nagar का है, जहां एक बेखौफ चोर ने महज 30 सेकंड में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ली। पूरी घटना इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बाइक मालिक सचिन ने बताया कि वह किसी जरूरी काम से घर आए थे और उन्होंने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। कुछ मिनट बाद जब वह वापस बाहर आए तो बाइक वहां से गायब थी। पहले तो उन्हें लगा कि शायद किसी परिचित ने बाइक हटाई होगी, लेकिन आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि एक युवक बाइक लेकर फरार हो गया है। इसके बाद इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि आरोपी बिना किसी डर के इलाके में आया और कुछ ही सेकंड में बाइक का लॉक तोड़कर उसे स्टार्ट कर फरार हो गया। चोर की हरकतों से ऐसा लग रहा था मानो उसे पुलिस या लोगों का कोई भय नहीं हो। पीड़ित सचिन ने मामले की शिकायत Punjab Police के थाना डिवीजन नंबर-3 में दर्ज करवा दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने की कोशिश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इलाके में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोग दहशत में हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात के समय गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

चोपहरा समागम | गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह माडल टाउन में जप तप समागम आयोजित, दूसरे राज्य से भी संगत पहुंची

# भीषण गर्मी के बावजूद चोपहरा समागम में हजारों श्रद्धालु हुए नतमस्तक

नीलकमल मोनू | लुधियाना
समर न्यूज





लुधियाना में पड़ रही भीषण गर्मी के बावजूद गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह मॉडल टाउन में आयोजित चोपहरा समागम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही संगत का गुरुद्वारा साहिब पहुंचना शुरू हो गया था और दिनभर श्रद्धालु गुरु घर में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त करते रहे।

समागम में हजारों की संख्या में संगत ने भाग लिया और पूरे गुरुद्वारा परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। समागम के दौरान गुरबाणी कीर्तन, नाम सिमरन और धार्मिक प्रवचनों का आयोजन किया गया। रागी जत्थों द्वारा प्रस्तुत गुरबाणी कीर्तन ने संगत को गुरु चरणों से जोड़ दिया। श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। भीषण गर्मी और तेज धूप के बावजूद संगत की आस्था में कोई कमी देखने को नहीं मिली। श्रद्धालुओं ने गुरु घर में सुख-शांति, परिवार की खुशहाली और मानव कल्याण की अरदास की। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और सेवादारों की ओर से संगत के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। गर्मी को देखते हुए ठंडे पानी, छबील और लंगर की व्यवस्था की गई, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। सेवादार पूरे समर्पण भाव से संगत की सेवा में जुटे रहे। समागम में पहुंचे श्रद्धालुओं का कहना था कि ऐसे धार्मिक आयोजन लोगों को आध्यात्मिक शांति प्रदान करते हैं और समाज में भाईचारे, सेवा तथा मानवता का संदेश फैलाते हैं। चोपहरा समागम ने एक बार फिर संगत को गुरु घर से जोड़ने के साथ-साथ सेवा और श्रद्धा की मिसाल पेश की।

# मोहाली जिले में स्थानीय निकाय चुनावों की मतगणना के लिए आठ केंद्र स्थापित, आज 10 बजे होगी रिहर्सल

## 29 मई को सुबह 8 बजे शुरू होगी मतगणना, पूरी प्रक्रिया वीडियो कैमरों की निगरानी में होगी

हरजीत मठारू | मोहाली
समर न्यूज़



डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला चुनाव अधिकारी कोमल मित्तल ने बताया कि 26 मई को हुए स्थानीय निकाय चुनावों में पड़े मतों की गिनती के लिए नगर निगम मोहाली तथा नगर परिषदों जीरकपुर, डेराबस्सी, लालड़ू, बनूड़, नयागांव और कुराली हेतु आठ मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं।

मतगणना केंद्रों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि मतगणना प्रक्रिया वीडियो कैमरों की निगरानी और पुख्ता सुरक्षा प्रबंधों के बीच करवाई जाएगी। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही मतगणना केंद्रों में प्रवेश की अनुमति होगी।

उन्होंने बताया कि निर्धारित मतगणना केंद्र निम्नानुसार हैंः-

नगर परिषद, बनूड़ – कार्यालय मार्केट कमेटी, बनूड़
नगर परिषद, कुराली – कम्युनिटी हॉल, कार्यालय नगर परिषद, कुराली
नगर परिषद, नयागांव – सेंचुरी पब्लिक स्कूल, करौरां, नयागांव
नगर परिषद, जीरकपुर – कम्युनिटी सेंटर, छत
नगर परिषद, डेराबस्सी – सरकारी कॉलेज, डेराबस्सी
नगर परिषद, लालड़ू – सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लालड़ू
नगर निगम, मोहाली (वार्ड 1 से 25) – कम्युनिटी सेंटर, फेज-7, एस.ए.एस. नगर
नगर निगम, मोहाली (वार्ड 26 से 50) – कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर-69, एस.ए.एस. नगर

उन्होंने आगे बताया कि मतगणना व्यवस्थाओं संबंधी रिहर्सल कल 28 मई को सुबह 10:00 बजे निर्धारित केंद्रों पर करवाई जाएगी, जबकि मतगणना 29 मई को सुबह 8:00 बजे शुरू होगी। कोमल मित्तल ने कहा कि सभी रिटर्निंग अधिकारियों को राज्य चुनाव आयोग, पंजाब द्वारा जारी निर्देशों का सख्ती से पालन करने के आदेश दिए गए हैं ताकि मतगणना प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस को भी मतगणना प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी गैर-अधिकृत व्यक्ति को मतगणना केंद्रों के निकट न आने देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी उम्मीदवारों से अपील की कि वे अपने मतगणना एजेंटों को उचित पहचान पत्रों सहित अपने संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों से संपर्क कर नियुक्त करवाएं।

# मोहाली चुनाव में बैलेट पेपर की गोपनीयता भंग होने के आरोप, दोबारा मतदान की मांग

हरजीत मठाड़ू | मोहाली
समर न्यूज़



मोहाली नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर कुलजीत सिंह बेदी ने 26 मई को हुई पंजाब स्थानीय निकाय चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए बैलेट पेपर की गोपनीयता भंग होने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त भारत, मुख्य चुनाव आयुक्त पंजाब, मुख्य सचिव पंजाब और डिप्टी कमिश्नर मोहाली को विस्तृत मांग पत्र भेजकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच, जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई और पूरे पंजाब में दोबारा चुनाव करवाने की मांग की है।

कुलजीत सिंह बेदी ने बताया कि वह वार्ड नंबर 10 के मतदाता हैं और 26 मई को बूथ नंबर 38, अंबेडकर इंस्टीट्यूट फेज-3बी2 मोहाली में मतदान करने पहुंचे थे। उनका आरोप है कि जब पोलिंग स्टाफ ने उनसे काउंटर फाइल पर हस्ताक्षर करवाए और बैलेट पेपर जारी किया तो उन्होंने देखा कि काउंटर फाइल और बैलेट पेपर दोनों पर एक ही सीरियल नंबर दर्ज था।

बेदी ने कहा कि यह प्रक्रिया मतदाता की गोपनीयता के अधिकार का सीधा उल्लंघन है, क्योंकि चुनाव के बाद कोई भी व्यक्ति काउंटर फाइल और बैलेट पेपर के सीरियल नंबर मिलाकर यह पता लगा सकता है कि किस मतदाता ने किस उम्मीदवार को वोट दिया। उन्होंने दावा किया कि जब उन्होंने इस पर आपत्ति जताई तो पोलिंग स्टाफ ने कहा कि उन्हें यही बैलेट पेपर चुनाव आयोग की ओर से उपलब्ध करवाए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह केवल तकनीकी गलती नहीं बल्कि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर बड़ा सवाल है। बेदी ने द कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल्स 1961 के नियम 38 और रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपल एक्ट 1951 की धाराओं 94 और 128 का हवाला देते हुए कहा कि कानून के अनुसार वोट की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है।

उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की प्रक्रिया के जरिए मतदाताओं के वोटिंग पैटर्न का डेटा एकत्र किया जा सकता है, जिसका दुरुपयोग भविष्य में किया जा सकता है। बेदी ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वह अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे।

# मोहाली में चुनाव से पहले वोटरों को बांटी गई कोल्ड ड्रिंक, पूर्व सरपंच समेत 3 पर एफआईआर

## रेहड़ी पर सामान लेकर घर-घर पहुंचे लोग, शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई

समर न्यूज़ | मोहाली



पंजाब के मोहाली में नगर निकाय चुनाव के बीच वोटरों को लुभाने के आरोपों ने राजनीतिक माहौल गरमा दिया है। पुलिस ने एक गांव में चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में पूर्व सरपंच समेत तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

आरोप है कि ये लोग रेहड़ी पर कोल्ड ड्रिंक और अन्य सामान लेकर घर-घर पहुंचे और मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश की। पुलिस के अनुसार शिकायत मिलने के बाद चुनाव अधिकारियों और स्थानीय प्रशासन ने मौके पर जांच की। शुरुआती जांच में पाया गया कि चुनाव प्रचार बंद होने के बाद भी कुछ लोग कथित तौर पर मतदाताओं तक सामान पहुंचा रहे थे। इसके बाद संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

**चुनावी माहौल में बढ़ी निगरानी**

मोहाली नगर निगम और आसपास की नगर परिषदों के चुनाव को लेकर प्रशासन पहले से सतर्क है। जिले में मतदान से पहले लगातार निगरानी अभियान चलाया जा रहा है और शराब, नकदी व अन्य प्रलोभनों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं राजनीतिक दल एक-दूसरे पर चुनावी माहौल खराब करने के आरोप लगा रहे हैं।

# चंडीगढ़ में 22 सितंबर को आएगी अंतिम वोटर लिस्ट



शगुन कश्यप | चंडीगढ़
समर न्यूज़

चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन की ओर से आयोजित प्रेसवार्ता में मतदाता सूची पुनरीक्षण और शहर में अतिक्रमण हटाने को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। प्रेसवार्ता में चंडीगढ़ के डिप्टी कमिश्नर निशांत कुमार यादव ने बताया कि इलेक्शन कमिश्न ऑफ इंडिया द्वारा समय-समय पर एसआईआर प्रक्रिया करवाई जाती है, ताकि मतदाता सूची को पूरी तरह सही और अद्यतन बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े जाते हैं, मृत या स्थानांतरित लोगों के नाम हटाए जाते हैं तथा गलत जानकारियों में सुधार किया जाता है।

# पंजाब निकाय चुनाव में घटा मतदान प्रतिशत

## पिछले चुनाव से 9.59% कम, कुल 63.94% वोटिंग, नगर पंचायतों में दिखा ज्यादा उत्साह

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



पंजाब के नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों में इस बार मतदाताओं का उत्साह अपेक्षा से कम नजर आया। राज्य निर्वाचन आयोग के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार कुल 63.94 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो पिछले निकाय चुनावों की तुलना में करीब 9.59 फीसदी कम है।

हालांकि छोटे कस्बों और नगर पंचायतों में वोटरों की भागीदारी अपेक्षाकृत बेहतर रही, जबकि लुधियाना, अमृतसर, जालंधर और पटियाला जैसे बड़े शहरों में मतदाताओं की उदासीनता साफ दिखाई दी।

राज्य के कई इलाकों में सुबह मतदान की रफ्तार धीमी रही, लेकिन दोपहर बाद मतदान केंद्रों पर भीड़ बढ़ी। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में महिलाओं और बुजुर्ग मतदाताओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। वहीं शहरी इलाकों में गर्म मौसम, छुट्टी का दिन और राजनीतिक निराशा जैसे कारण कम मतदान की वजह माने जा रहे हैं।

**▪ नगर पंचायतों में सबसे ज्यादा मतदान**

निर्वाचन आयोग के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्रों में सबसे अधिक मतदान दर्ज किया गया। छोटे शहरों और कस्बों में स्थानीय मुद्दों—जैसे पानी, सफाई, सड़क और सीवरेज को लेकर मतदाताओं में ज्यादा जागरूकता दिखाई दी। राजनीतिक दलों ने भी इन क्षेत्रों में बूथ स्तर तक व्यापक प्रचार अभियान चलाए। इसके विपरीत बड़े शहरों में कई मतदान केंद्रों पर दोपहर तक सन्नाटा पसरा रहा। चुनाव अधिकारियों ने लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु लगातार अपीलें भी जारी कीं।

**▪ बड़े शहरों में क्यों घटी वोटिंग?**

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार शहरी मतदाताओं में स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर उत्साह अपेक्षाकृत कम रहता है। इसके अलावा युवाओं का कम मतदान केंद्रों तक पहुंचना, कामकाजी लोगों का बाहर रहना और उम्मीदवारों से असंतोष भी एक बड़ी वजह माना जा रहा है।

**▪ सुरक्षा व्यवस्था रही कड़ी**

चुनाव के दौरान राज्यभर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। कई जगहों पर हल्की नोकझोंक और ईवीएम संबंधी शिकायतें सामने आईं, लेकिन कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। अब सभी की नजर मतगणना और चुनाव परिणामों पर टिकी है। राजनीतिक दल इस चुनाव को 2027 विधानसभा चुनाव से पहले अपनी ताकत के संकेत के तौर पर देख रहे हैं।

# खाद के संतुलित उपयोग के लिए जागरूकता अभियान



हरजीत मठारू | मोहाली
समर न्यूज़

पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री के मार्गदर्शन में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा गन्ना उत्पादक किसानों को गन्ने की फसल में खादों के संतुलित और वैज्ञानिक उपयोग के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान प्रदेश की सभी चीनी मिलों के अधीन क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत पंजाब के सभी गन्ना उत्पादक जिलों में गांव स्तर पर किसान बैठकों, जागरूकता शिविरों और खेत प्रदर्शन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में गन्ना आयुक्त कार्यालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, सहकारी और निजी चीनी मिलों तथा क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र कपूरथला के विशेषज्ञ सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। किसानों को खादों के वैज्ञानिक और आवश्यकता अनुसार उपयोग संबंधी जानकारी दी जा रही है।

आज पूरे पंजाब में 259 गांवों में बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें 2351 गन्ना उत्पादक किसानों ने भाग लिया। बैठकों के दौरान किसानों को रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग से बचने और मिट्टी जांच आधारित खाद प्रबंधन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाणा में दसवीं का दिवस श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया

समर न्यूज़ | मोहाली



धन-धन अमर शहीद जत्थेदार बाबा हनूमान सिंह जी के शहीदी स्थल गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाणा में दसवीं का दिवस बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह 9 बजे श्री सहज पाठ साहिब जी के भोग डाले गए, जिसके बाद पूरे दिन धार्मिक समागम का आयोजन किया गया।

धार्मिक समागम के दौरान भाई जतिंदर सिंह बैंस के इंटरनेशनल ढाडी जत्थे ने भाई सुखा सिंह और भाई महिताब सिंह द्वारा श्री दरबार साहिब अमृतसर की बेअदबी करने वाले मस्सा रंगड़ का सिर काटकर नेजे पर टांगकर ले जाने का प्रसंग ढाडी वारों के माध्यम से विस्तारपूर्वक संगतों को सुनाया।

भाई सरबजीत सिंह जी हजूरी रागी श्री दरबार साहिब अमृतसर वालों ने अपने रसपूर्ण कीर्तन से संगतों को इलाही बाणी के साथ जोड़ने का प्रयास किया। वहीं शिरोमणि प्रचारक भाई दलबीर सिंह जी तरमाला वालों ने अपने प्रवचनों के माध्यम से खंडे-बाटे के अमृत की महत्ता बताते हुए संगतों को अमृत छककर गुरु वाले बनने के लिए प्रेरित किया।

भाई निकुल सिंह जी देहरादून वाले, बीबी सरबजीत कौर इंटरनेशनल ढाडी जत्था, भाई मनजोत सिंह जी गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब लुधियाना वाले, भाई बूटा सिंह जी पटियाला वाले, भाई निर्मलप्रीत सिंह जी राजपुरा वाले, भाई लखविंदर सिंह जी अमृतसर वाले, शिरोमणि प्रचारक भाई संदीप सिंह जी श्री आनंदपुर साहिब वाले और भाई दविंदर सिंह जी के जत्थों सहित गुरुद्वारा सिंह शहीदां के हजूरी जत्थों ने कथा, कीर्तन, कविशरी और गुरमत विचारों के माध्यम से संगतों को पूरे दिन निहाल किया। सभी जत्थों को सिरोपा देकर सम्मानित भी किया गया।

# मॉडिफाइड साइलेंसर और अवैध रूप से बदले गए वाहनों पर पाबंदी लागू

हरजीत मठारू | मोहाली
समर न्यूज़



जिला मजिस्ट्रेट कोमल मित्तल ने जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला एस.ए.एस. नगर की सीमा के भीतर किसी भी वाहन के मूल स्वरूप में अवैध बदलाव, संशोधन या निर्माण करने तथा ऐसे गैर-कानूनी रूप से संशोधित वाहनों, विशेषकर जुगाड़ रेहड़ियों और पीटर रेहड़ियों को सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं।

जिला मजिस्ट्रेट ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवहन विभाग पंजाब और मोटर वाहन अधिनियम 1988 के निर्देशों के अनुसार जिले में मॉडिफाइड साइलेंसर और गैर-कानूनी तरीके से बदले गए वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वाहनों में अवैध बदलाव और तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने से ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे साइलेंसर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों की सेहत पर भी बुरा असर डालते हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसएएस नगर द्वारा 15 मई 2026 को जिला मजिस्ट्रेट को भेजे गए पत्र में जिले की सड़कों पर चल रही अवैध जुगाड़ मोटरसाइकिल रेहड़ियों के कारण यातायात प्रभावित होने और आम लोगों की जान-माल की सुरक्षा को खतरा होने संबंधी चिंता जताई गई थी। पत्र में कहा गया कि कई बार ये जुगाड़ वाहन बिना किसी सुरक्षा मानकों के तैयार या मरम्मत किए जाते हैं, जिससे भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है। जिला प्रशासन ने हाईकोर्ट में चल रहे संबंधित मामले को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर तत्काल कार्रवाई आवश्यक बताई है, ताकि ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सके और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

जिला मजिस्ट्रेट ने वाहन मालिकों से अपील की कि वे अपने वाहनों में गैर-कानूनी मॉडिफिकेशन न करवाएं और ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए प्रशासन और पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विशेष चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ये आदेश 15 मई 2026 से लागू होकर 14 जुलाई 2026 तक प्रभावी रहेंगे।

प्रशिक्षण

## मोरनी नेचर कैंप में कार्यकर्ताओं को संगठन, विचारधारा और बूथ प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

# भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महा अभियान संपन्न

शगुन कश्यप | चंडीगढ़
समर न्यूज़




भारतीय जनता पार्टी के जिला डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान का समापन वैचारिक ऊर्जा और संगठनात्मक संकल्प के साथ मोरनी नेचर कैंप, पंचकूला में हुआ। जिला अध्यक्ष रेखा सूद की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और मंडल स्तर के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यशैली और जनसेवा के प्रति और अधिक सक्रिय एवं समर्पित बनाना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् के साथ हुई। भाजपा चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करने वाला वैचारिक संगठन है।

दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में कुल 13 वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने कार्यकर्ता विकास और संगठनात्मक दायित्व पर जोर देते हुए कहा कि मजबूत कार्यकर्ता ही संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाता है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने देश के समक्ष राजनीतिक और सामाजिक चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

संगठन महामंत्री श्रीनिवासुलू ने बूथ प्रबंधन और मन की बात कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय टंडन ने भाजपा की कार्य पद्धति और सेवा आधारित राजनीति पर विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा सोशल मीडिया, एआई तकनीक, मीडिया प्रबंधन, संगठन विस्तार और गरीब कल्याण योजनाओं जैसे विषयों पर भी विशेष सत्र आयोजित किए गए। जिला अध्यक्ष रेखा सूद ने समापन अवसर पर सभी वक्ताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण वर्ग संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की वैचारिक स्पष्टता और संगठन के प्रति समर्पण ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है।

# एडीसी ने शाइन वीजा कंसल्टेंसी मोहाली का लाइसेंस रद्द किया

हरजीत मठारू | मोहाली
समर न्यूज़

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट गीतिका सिंह ने पंजाब ट्रैवल प्रोफेशनल रेगुलेशन एक्ट-2012 के तहत शाइन वीजा कंसल्टेंसी, सीपी-67, इंपीरियल टावर, सेक्टर-67, मोहाली का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है।

यह लाइसेंस फर्म के मालिक करनदीप सिंह और पार्टनर बिक्रमदीप सिंह को मोहाली में वीजा कंसल्टेंसी का कार्य करने के लिए 6 अगस्त 2024 को जारी किया गया था, जिसकी वैधता 5 अगस्त 2029 तक थी। एडीसी गीतिका सिंह ने बताया कि फर्म के खिलाफ पुलिस रिकॉर्ड में विभिन्न मामले दर्ज हैं। इस संबंध में फर्म को कई बार नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण और मासिक रिपोर्ट मांगी गई थीं।

# मानसून से पहले गाद हटाने के लिए मुख्य सचिव को पत्र

शगुन कश्यप | चंडीगढ़
समर न्यूज़



चंडीगढ़ के महापौर सौरभ जोशी ने चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश के मुख्य सचिव श्री एच. राजेश प्रसाद, आईएएस को पत्र लिखकर आगामी मानसून के मौसम से पहले एन-चो और पटियाला की राव की तत्काल गाद हटाने, सफाई और सुदृढ़ीकरण का अनुरोध किया है ताकि शहर भर में बाढ़, जलभराव और जन असुविधा को रोका जा सके।

अपने पत्र में, महापौर ने बताया कि हर साल भारी बारिश के दौरान, कई सेक्टरों, गांवों और कॉलोनियों में गंभीर जलभराव, नालों का उफान, जल निकासी चैनलों का अवरोध और यातायात बाधित हो जाता है, जिससे निवासियों को असुविधा होती है और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कहा कि एन-चो, जो शहर की प्रमुख वर्षा जल निकासी प्रणालियों में से एक है, में कई स्थानों पर लगातार गाद, मलबा, कूड़ा, जंगली वनस्पति और अतिक्रमण जमा हो रहा है, जिससे मानसून की बारिश के दौरान इसकी जल निकासी क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। महापौर ने आगे बताया कि पटियाला की राव, जो शहर के जल निकासी नेटवर्क से जुड़ा एक अन्य महत्वपूर्ण मौसमी जलमार्ग है।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह। मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। *समाचार चयन के लिए PRP एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र लुधियाना होगा। RNI No. CHMUL/25/A1155